# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 17 ■ अंक - 35 ■ अम्बिकापुर, शनिवार 24 जनवरी 2026 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com


# वैध पहचान पत्र के बिना किसी को भी आवास किराये पर देना दंडनीय अपराध

## मकान मालिकों को किरायेदारों का सत्यापन कराना होगा, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा नागरिकों के जीवन एवं संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा नगरीय एवं नगर बाह्य क्षेत्रों में किराएदारों का सत्यापन अनिवार्य करते हुए आदेश जारी किया है। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत पारित किया गया है।



जारी आदेशानुसार अब सभी मकान मालिकों को किराएदारों का पूर्ण विवरण संबंधित थाना प्रभारी को देना अनिवार्य होगा और बिना पुलिस सत्यापन एवं सूचना के कोई भी व्यक्ति या प्रतिष्ठान भवन किराए पर नहीं दे सकेगा। आदेश जारी होने के पूर्व से किराएदार के रूप में रह रहे व्यक्तियों की जानकारी भी तत्काल पुलिस को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि बिना वैध पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को आवास किराये पर नहीं दिया जाएगा। मकान मालिकों को किरायेदार का नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं पहचान विवरण दर्ज कर थाना प्रभारी को उपलब्ध कराना होगा तथा किरायेदारों या उनके यहां आने वाले आगंतुकों की किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत निकटतम पुलिस थाना या चौकी को देना अनिवार्य होगा।



### अपराध की नियत से छिपे बेनकाब होंगे




वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्व अपराध की नीयत से नगरीय एवं नगर बाह्य क्षेत्रों के आवासीय इलाकों में छिपने का प्रयास करते हैं, जिससे शांति व्यवस्था को खतरा उत्पन्न होने के साथ-साथ मानव जीवन एवं लोक संपत्ति की क्षति की आशंका बनी रहती है। यह भी सामने आया है कि कई मकान मालिक अपने किराएदारों एवं घरेलू सहायकों की जानकारी संबंधित थाना प्रभारियों को नहीं देते, जिससे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण में कठिनाई होती है।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दंडनीय अपराध होगा। यह आदेश नगरीय एवं नगर बाह्य क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से लागू होगा। जिला प्रशासन ने नागरिकों से शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की है।

# पहाड़ी कोरवा परिवार के 5 वर्षीय बालक के अंधेरे जीवन में फैला उजाला

## जन्मजात मोतियाबिंद से ग्रसित बालक देख पाने में था अक्षम

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** बलरामपुर-रामानुजगंज जिला के आकांक्षी ब्लॉक शंकरगढ़ के दूरगामी क्षेत्र कोठली के लकराकोना निवासी जन्मजात मोतिया बिंद से ग्रसित पहाड़ी कोरवा बालक सूर्यप्रकाश पिता बलदेव 05 वर्ष को अंधेरे से उजाले की रोशनी नेत्र सहायक सहित अन्य सहयोगियों के बदौलत मिली। बच्चे के आंखों में आई रोशनी से पूरा परिवार हर्षित है। पीड़ित बालक अब सामान्य जीवन व्यतीत कर रहा है। बालक का समय-समय पर देख-रेख करते हुए सफल ऑपरेशन 17 जनवरी को रायपुर मेडिकल कॉलेज में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम को सफल बनाने की दिशा में बलरामपुर जिले के मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.



विजय व ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. आफताब के साथ ही जिले के दिव्य किशोर का पूरे सहयोग का नतीजा है कि नई सोच के साथ सही दिशा की ओर कदम बढ़ाया गया, जिससे कम उम्र के पहाड़ी कोरवा परिवार के इस बालक को सफल इलाज की सुविधा मिल पाई। ऑपरेशन के बाद बालक स्वस्थ है, विजन 6/6 होने से वह अच्छे से देख पा रहा है। इस पुनीत कार्य में ब्लॉक शंकरगढ़ के नेत्र सहायक अधिकारी दुर्गेश त्रिपाठी, बीपीएम यश जायसवाल, बीडीएम इंद्रवती, संजय दास, फील्ड कार्यकर्ता आरएचओ/एफ राधा एक्का व आरएचओ/एम राधा सिंह मरकाम का प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग रहा।

# फर्जी फेसबुक आईडी में लगाया दोस्त का फोटो, ऐंठ लिए एक लाख

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** फर्जी फेसबुक आईडी में दोस्त का फोटो लगाकर छह लाख रुपये एकाउंट में भेजने का झांसा देकर अज्ञात व्यक्ति ने एक लाख रुपये की ठगी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर उदयपुर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक छपरा बिहार के ग्राम साहवां का कंचन कुमार पिता चंदेश्वर राय 23 वर्ष वर्तमान में सरगुजा जिला के उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम परसा में स्थित दुर्गा इम्फ्रा माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में काम करता है। 16 जनवरी को सुबह करीब 10 बजे फेसबुक आई.डी. में उसके दोस्त अजय कुमार राय के फोटो का उपयोग करके अज्ञात व्यक्ति फर्जी फेसबुक आई.डी. से मैसेज करके उसके एकाउंट में करीब 6 लाख रुपये ट्रांसफर करने की बात कहा, और एक फर्जी ट्रांजेक्शन रिसिप्ट भेजकर करीब 24 घंटे में एकाउंट में पैसे आने की बात कहा। साथ ही सउदी अरब से वापसी का वीजा फ्रीज होने की बात कहकर एक लाख रुपये की मांग किया। अपने दोस्त की आई.डी. समझकर वह पेटीएम के माध्यम से 13 बार में लगभग एक लाख रुपये भेज दिया। 16 जनवरी को ही चार अलग-अलग मोबाइल नंबर से व्हाट्अप ऑडियो कॉल करके रुपयों की मांग की गई थी। 17 जनवरी को दोपहर तक खाता में रुपये नहीं आने पर उसे ठगी का एहसास हुआ। पुलिस मामले में अपराध पंजीबद्ध करके जांच में जुट गई है।

# हत्या की नियत से चाकू से हमला करने के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** हत्या का प्रयास करने के मामले में थाना कोतवाली व साइबर सेल पुलिस टीम द्वारा एक और आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पूर्व में 02 आरोपियों को गिरफ्तार करके पुलिस जेल भेजी थी।

जानकारी के मुताबिक प्रार्थी मोनू साहू निवासी गहिरा गुरू आश्रम के पास रिंग रोड ने 23.03.25 को रिपार्ट दर्ज कराया था कि 22.03.25 के रात करीब 09 बजे सुशांत सिंह, मुकेश यादव, ललित सोनी एवं अन्य के द्वारा उसके साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से चाकु से हमला कर दिया। आरोपियों ने स्कार्पियो वाहन को भी तोड़फोड़ करके




क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में धारा 296(बी), 351(3), 191(2), 191(3),190, 109, 324(4), 112 बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पूर्व में पुलिस टीम मामले के आरोपी मुकेश यादव, ललित सोनी को गिरफ्तार करके न्यायिक रिमांड पर भेज दी थी। अन्य आरोपी घटना दिवस से लगातार फरार चल रहे थे, जिस कारण इनके विरूद्ध धारा 335 बीएनएसएस अन्तर्गत अभियोग पत्र तैयार किया गया था। विवेचना पूर्ण होने पर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया था। इसी क्रम में फरार आरोपी सुशांत सिंह उर्फ अंशु पिता सुशील सिंह 32 वर्ष निवासी दर्रीपारा के संबंध में पुलिस को सूचना मिला कि आरोपी शहर में घूम रहा है। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को पकड़ा और गिरफ्तार करके न्यायालय के समक्ष पेश किया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शशिकान्त सिन्हा, साइबर सेल प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अजीत मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक अदीप प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, आरक्षक मनीष सिंह, अमन पुरी, जितेश साहू, अनुज जायसवाल सक्रिय रहे।




# राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन 29 जनवरी से

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** छत्तीसगढ़ शासन कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के द्वारा 29, 30 एवं 31 जनवरी 2026 को स्थान शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर तकनीकी लगभग 15000 पदों में चयन हेतु साक्षात्कार लिया जायेगा।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया है कि राज्य स्तरीय रोजगार मेला में जिले के 1166 आवेदकों का साक्षात्कार 29 जनवरी 2026 दिन गुरुवार को निर्धारित किया गया है। उक्त मेला में सहभागिता हेतु ऑनलाईन पोर्टल द्ध्ह्लश्चद्ध- द्दड्डह्ल.ष्द्ध.द्दश1.द्बठ्ठ मे रोजगार पंजीयन एवं रोजगार मेला हेतु पजीयन दोनों की आवश्यकता है। उन्होंने ऐसे आवेदक जिन्होने ऑनलाईन पोर्टल erojgar.cg.gov.in में रोजगार पंजीयन एवं रोजगार मेला हेतु पंजीयन नहीं करवाया है वे पोर्टल पर अपना पंजीयन करवा सकते हैं एवं 29 जनवरी 2026 को अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता, पासपोर्ट साईज फोटो, पहचान पत्र, अनुभव प्रमाणपत्र इत्यादि दस्तावेजों के साथ निर्धारित स्थल पर उपस्थित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय बलरामपुर से सम्पर्क किया जा सकता है।

# राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार अभियान योजना अंतर्गत महिला सरपंचों को मिला प्रशिक्षण

## जिला पंचायत सीईओ ने प्रशिक्षणार्थियों को किया प्रमाण पत्र प्रदान

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार अभियान योजनान्तर्गत नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में यह तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम लाइवलीहुड कॉलेज में आयोजित किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार यह प्रशिक्षण 19 जनवरी 2026 से 04 फरवरी 2026 तक विभिन्न बैचों में आयोजित किया जाना है। इसी क्रम में 21 जनवरी 2026 को प्रथम बैच की महिला सरपंच जनप्रतिनिधियों का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर ने स्वयं उपस्थित होकर प्रशिक्षणार्थियों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने पंचायतों की भूमिका, शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन, स्व-रोजगार के अवसरों तथा ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ीकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त सभी महिला जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। सामान्य चर्चा के दौरान महिला जनप्रतिनिधि प्रशिक्षणार्थियों में कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह एवं सक्रिय सहभागिता देखने को मिली।

प्रशिक्षण में सहभागियों द्वारा जिज्ञासाएं रखी गईं जिनका समाधान भी किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद पंचायत कुसमी एवं जनपद पंचायत शंकरगढ़ के नव निर्वाचित जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

# गायत्री खदान के बाहर से सैकड़ों बोरी कोयला जब्त, त्रिपुरा बटालियन की कार्रवाई

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की गायत्री खदान से कोयला चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। शुक्रवार की सुबह एसईसीएल के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण के नेतृत्व में त्रिपुरा बटालियन की टीम ने कार्रवाई करते हुए खदान के बाहर से ढाई सौ से अधिक बोरी चोरी का कोयला जब्त कर उसे पुन: खदान के कोल स्टॉक में सुरक्षित रखवा दिया है। जानकारी के अनुसार कोयला चोरी की सूचना पर सुरक्षा टीम जब खदान परिसर पहुंची तो वहां बड़ी संख्या में ग्रामीण खदान के कोल स्टॉक से कोयला उठाकर चारदीवारी के बाहर ले जाते हुए पाए गए। सशस्त्र सुरक्षा बल को देखकर कोयला उठा रहे लोग मौके से इधर-उधर भाग निकले। इसके बाद त्रिपुरा बटालियन की टीम ने खदान कर्मियों को बुलाकर जब्त कोयले को कोल स्टॉक में सुरक्षित रखवाया। ज्ञात हो कि क्षेत्र में कोयला चोरी की गतिविधियां लगातार सामने आ रही हैं। बड़ी संख्या में लोग समूह बनाकर खदान क्षेत्र में प्रवेश कर कोयला बाहर ले जा रहे हैं। वहीं खदान के बाहर कोयले की अवैध खरीद-फरोख्त की भी चर्चाएं हैं, जिसमें बाहरी क्षेत्रों के कथित कोल तस्कर एवं कुछ स्थानीय ईंट भट्ठा



संचालकों के नाम सामने आते रहते हैं। हालांकि इस संबंध में पुलिस प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। कोयला चोरी की बढ़ती घटनाओं से एसईसीएल सहित शासन को आर्थिक नुकसान हो रही है।

# बलरामपुर बंद खदान को शुरू कराने आज से आमरण अनशन शुरू

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की बलरामपुर एवं कुमदा खदानों को पुन: शुरू कराने की मांग को लेकर एचएमएस संगठन द्वारा किया गए क्रमिक भूख हड़ताल उपरांत आज से आमरण अनशन शुरू कर दी गई है। क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय बिश्रामपुर के सामने चल रहे चरणबद्ध आंदोलन के तहत पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार 23 जनवरी से यहां पर संगठन द्वारा आमरण अनशन शुरू कर दी गई है। जिसमें मुख्य रूप से एचएमएस के क्षेत्रीय महामंत्री देवेंद्र मिश्रा, श्रीमती सुलेखा मिश्रा सपत्नी आमरण अनशन में बैठ गए हैं।संगठन ने संपूर्ण दायित्व के साथ सहयोग किया है। इस आंदोलन को अन्य श्रमिक संगठन क्रमश: सीटू, इंटक, एटक एवं इस क्षेत्र से कई ग्रामीणों का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। आंदोलन को सफल बनाने में मुख्य रूप से परमजीत सिंह, लखन लाल कुर्रे, प्रेमचंद सिंह, अरविंद सिंह, सूर्यबली सुदर्शन, नरेंद्र



सिंह चौहान, रमेंद्र सिंह, उमेश सिंह, शिवाकांत मिश्रा, शैलेन्द्र सिंह, सुशील राय, परविंद वर्मा, चंद्रशेखर, मो. जाहिद, फिरन लाल चौहान, रामचंद्र जायसवाल, रामाशंकर, दिलीप सिंह, राम भरोस, चित्र प्रसाद, विजय, शिवनारायण, रामराज, सुखलाल व अन्य सक्रिय हैं। एचएमएस संगठन का कहना है कि बलरामपुर खदान में लगभग 30 लाख टन कोयला मौजूद होने के बावजूद खदान को बंद रखना क्षेत्रहित के खिलाफ है। संगठन का आरोप है कि प्रबंधन की इस नीति से न केवल कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा, बल्कि बिश्रामपुर क्षेत्र की आर्थिक रीढ़ कमजोर हो जाएगी। खदान बंद होने की स्थिति में श्रमिकों की आजीविका पर संकट गहराने की आशंका जताई जा रही है। साथ ही क्षेत्र में बेरोजगारी बढ़ेगी, स्थानीय व्यापार प्रभावित होगा और श्रमिकों को मजबूरी में अन्य क्षेत्रों में स्थानांतरित किया जाएगा, जिससे पारिवारिक व सामाजिक समस्याएं भी खड़ी होंगी। एचएमएस नेतृत्व का कहना है कि प्रबंधन द्वारा मामले में की ठोस निर्णय नहीं लिए जाने उपरांत आज से आमरण अनशन शुरू की गई है।

# कोयलांचल में श्री जगन्नाथ मंदिर निर्माण का विधिवत हुआ भूमिपूजन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** कोयलांचल में उत्कल समाज के सदस्यों द्वारा श्री जगन्नाथ मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न किया गया। भूमि पूजन एवं धार्मिक



अनुष्ठान मंदिर के पुरोहित सुशांत मिश्रा द्वारा कराया गया। मंदिर निर्माण कार्य उड़ीसा से पधारे राज मिस्त्री कालू चरण राउतो के निर्देशन में किया जाएगा। भूमि पूजन के अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने विधिवत भूमि में फावड़ा चलाकर मंदिर निर्माण कार्य का शुभारंभ कर निर्माण को गति प्रदान की। कार्यक्रम में क्षेत्र के डिप्टी जीएम गिरीश राय, सुभाष गोयल, राजेश यादव, सुजीत सिंह, बीएन सिंह, मोहन अग्रवाल, पंकज गर्ग, सजल मित्रा, बाबूलाल अग्रवाल, अजय विश्वकर्मा, चंदन सिंह, अमरेंद्र नारायण सिंह, अशोक अग्रवाल, श्याम घोषाल, डॉ. निरंजन, अशोक जिंदल, केके जिंदल, शंकर यादव, रविशंकर बउवा, सतीश तिवारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

उत्कल समाज की ओर से कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष सेनापति प्रधान के अलावा संजय पंडा, ऋन्नाथ देहुरी, सूरज कुमार सेठी, विद्याधर साहू, एसके स्वाईं, फुल्ल नायक, अलंकार नायक, लक्ष्मी त्रिपाठी, संतोष सेठी, प्रमोद कहर, राजेंद्र प्रधान, अशोक स्वाईं, गोविंद स्वाईं, शितिकांत स्वाईं, सुरेशन स्वाईं, सुदर्शन सेठी, प्रभाकर स्वाईं, विशाल स्वाईं, प्रदीप त्रिपाठी, अखेय साहू, संतोष विश्वाल, निराकार नायक, दीप्ति स्वाईं, संगीता पांडा, छंदाश्री व अन्य उपस्थित थे।

# दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर का धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** नगर के हृदय स्थल में विराजित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर का 34 वां वार्षिक उत्सव प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बसंत पंचमी के अवसर पर धूमधाम से मनाया गया। बसंत पंचमी पर 23 जनवरी को प्रात: 10 बजे से सहस्त्रार्चन, पूजन एवं अभिषेक का आयोजन किया गया। इसके पश्चात अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति उपरांत हवन एवं आरती संपन्न हुई।

धार्मिक अनुष्ठानों के समापन के बाद दोपहर 1 बजे से अखंड भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। एक दिन पूर्व 22 जनवरी को अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया था, जिसकी आज पूर्णाहुति बसंत पंचमी को हुई। वार्षिकोत्सव के भव्य आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में रंग-रोगन, मरम्मत कार्य करा परिसर को आकर्षक विद्युत झालरों, टेंट एवं पंडाल से सजाया गया है। इसी तरह आरटीआई कालोनी में स्थित श्री श्री दिव्य ज्ञान दायिनी मां सरस्वती मंदिर में चौदहवां वार्षिकोत्सव समारोह भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है। यहां 19 जनवरी को वेदी पूजन, कलश स्थापना एवं सप्तशती



पाठ के साथ कर दी गई है। इसके साथ ही नौ दिनों तक चलने वाले धार्मिक आयोजनों का शुभारंभ हो चुकी है। 22 जनवरी गुरुवार को प्रात: 10 बजे से अखण्ड हवन प्रारंभ किया गया।

23 जनवरी शुक्रवार को प्रात: 7 बजे से मां सरस्वती का सहस्त्रार्चन पूजन कर अखण्ड हवन की पूर्णाहुति प्रात: 10 बजे हुई। जिसके उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। आज 24 जनवरी शनिवार को मां के 1008 नामों का संकीर्तन आयोजित होगा, 25 जनवरी रविवार को मां का दीप श्रृंगार किया जाएगा, जिसमें मंदिर को भव्य रूप से सजाया जाएगा।

26 जनवरी सोमवार को कन्या भोजन एवं महाप्रसाद वितरण का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम का समापन 27 जनवरी मंगलवार को महिला मंडली द्वारा भजन-कीर्तन के साथ किया जाएगा।

## भाजपा नीति मंच अल्पसंख्यक मोर्चा के इसराईल बने राष्ट्रीय अध्यक्ष

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** भाजपा नीति मंच के राष्ट्रीय संरक्षक रामकृष्ण भार्गव एवं पूर्व राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार में मिश्रिख क्षेत्र के विधायक के निर्देश पर मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष फत्तेउद्दीन खान कादरी की सहमति से राष्ट्रीय संगठन महामंत्री हर्ष माहेश्वरी द्वारा भाजपा नीति मंच के अल्पसंख्यक मोर्चा संगठन में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरजपुर जिले के मो. इसराईल को राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व सौंपा है।



पार्टी के कई जिम्मेदारियों का निर्वहन करने वाले मो. इसराईल को राष्ट्रीय नेतृत्व संगठन द्वारा अहम जिम्मेदारी दिए जाने से कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष मो. इसराईल ने कहा कि संगठन द्वारा मुझे बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, जिसे मैं निष्ठापूर्वक लगन व मेहनत के साथ ईमानदारी से संगठन को मजबूत करते हुए इस नई जिम्मेदारी को निभाऊंगा।

# दो पंचायतों का सीमा विवाद बढ़ने से तहसीलदार ने दिया स्थगन आदेश

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** तहसील लटोरी अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनवाही और ग्राम पंचायत रविन्द्रनगर के बीच वर्षों से चला आ रहा भूमि सीमा विवाद एक बार फिर तूल पकड़ता नजर आ रहा है। शासकीय भूमि पर कथित अवैध निर्माण को लेकर अब मामला न्यायालयीन स्तर तक पहुंच गया है, जिससे क्षेत्र में हलचल तेज हो गई है। जानकारी के अनुसार तहसीलदार न्यायालय लटोरी में राजस्व प्रकरण विचाराधीन है। यह प्रकरण ग्राम सोनवाही के सरपंच एवं अन्य ग्रामवासियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन से जुड़ा हुआ है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि ग्राम पंचायत सोनवाही और ग्राम पंचायत रविन्द्रनगर की सीमा से लगी भूमि के खसरा नंबर 213, 214, 215, 216 और 217 कुल रकबा लगभग 6.24 हेक्टेयर को गलत तरीके से ग्राम पंचायत रविन्द्रनगर में दर्शा दिया गया है। इसी त्रुटि के कारण दोनों ग्राम पंचायतों के बीच सीमा विवाद उत्पन्न हो गया है।



मामले की गंभीरता को देखते हुए पूर्व में राजस्व निरीक्षक पिलखा को सीमा जांच के निर्देश दिए गए थे। जांच प्रतिवेदन तैयार कर उसे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सूरजपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। हालांकि आपत्तियों के निराकरण हेतु यह प्रकरण पुन: तहसीलदार न्यायालय लटोरी को वापस भेज दिया गया है। इसी बीच ग्राम पंचायत रविन्द्रनगर के ग्रामीणों की ओर से नया आवेदन सामने आया है, जिसने विवाद को और संवेदनशील बना दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि शासकीय भूमि खसरा नंबर 214 पर ग्राम सोनवाही के कुछ लोगों द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जबकि मामला न्यायालय में लंबित है। ग्रामीणों का कहना है कि यह निर्माण कार्य माननीय न्यायालय के आदेशों की अवहेलना है। ग्रामीणों ने शासकीय भूमि पर हो रहे निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगा दोषियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। इस पर संज्ञान लेते हुए तहसीलदार न्यायालय लटोरी ने हल्का पटवारी को निर्देश जारी किए हैं कि वे मौके पर जाकर स्थल जांच कर कब्जे की स्थिति का अवलोकन करें और तीन दिवस के भीतर पंचनामा सहित विस्तृत जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

न्यायालय के इस सख्त रुख के बाद क्षेत्र में प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। यह मामला न केवल दो ग्राम पंचायतों के बीच सीमा विवाद का है, बल्कि शासकीय भूमि की सुरक्षा और न्यायालयीन आदेशों के पालन से भी जुड़ा हुआ है, जिसे लेकर प्रशासन किसी भी तरह की लापरवाही के मूड में नहीं दिख रहा है।

## सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** नगर के अंबेडकर चौक के पास गुरुवार को सड़क दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई है। ज्ञात हो कि गुरुवार को अंबिकापुर से मनेंद्रगढ़ जा रही डॉल्फिन बस सीजी 15 एबी 03560 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार रेलवे स्टेशन कुंजनगर निवासी 35 वर्षीय विशाल गुप्ता को अंबेडकर चौक में अपनी चपेट में ले लिया था। घटना में बाइक सवार युवक के सिर व कमर, पैर में गंभीर चोट आने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे चिकित्सकों ने रायपुर रेफर किया था। रायपुर में अस्पताल में भर्ती की प्रक्रिया शुरू ही हुई थी, इसी बीच विशाल गुप्ता की सांसे थम गई। परिजन उसके शव को लेकर बिश्रामपुर के लिए निकल गए हैं। हाल ही में लकवा ग्रस्त पिता के बाद मां और फिर विशाल की मौत ने परिवार को झकझोर कर रख दिया है। शव पहुंचने के बाद संभवत: शनिवार को विशाल गुप्ता का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री आवास योजना से जरूरतमंद परिवारो को मिला सुरक्षित आवास

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** शासन की योजनाएं गांवों में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों के जीवन को बेहतर बनाने का काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से ग्राम पंचायत रामचंद्रपुर के निवासी श्री जीवन सोनी को पक्के आवास का लाभ मिला है।जिससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। श्री जीवन सोनी बताते हैं कि पहले वे कच्चे मकान में अपने परिवार के साथ निवास कर रहे थे। बरसात के दिनों में पानी टपकने और दीवारों की जर्जर स्थिति के कारण परिवार को



अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। सीमित आय के कारण पक्का मकान बनाना उनके लिए संभव नहीं था। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवेदन किया। पात्रता परीक्षण पूर्ण होने पर उन्हें आवास निर्माण के लिए शासन की ओर से आर्थिक सहायता दी गई। इस मदद से उनका पक्का घर बनकर तैयार हुआ। अब श्री जीवन सोनी और उनका परिवार सुरक्षित घर में रह रहे हैं। अब उनके पास सुरक्षित छत, मजबूत दीवारें और रहने के लिए उचित सुविधाएं उपलब्ध हैं। पक्का घर मिलने से बरसात, ठंड और गर्मी की परेशानी कम हुई है। घर बनने के बाद परिवार को सुकून मिला है और रोजमर्रा की जिंदगी पहले से बेहतर हुई है।

श्री जीवन सोनी शासन एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहते हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना ने उनके परिवार को एक सुरक्षित जीवन दिया है प्रधानमंत्री की मंशानुरूप एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना से गांव के हर पात्र निम्न वर्गीय परिवारों को सुरक्षित छत मिल रही है और उनके जीवन में बदलाव आ रहा है।

# जिले में अब तक 2170933.20 क्विंटल धान की खरीदी

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में अब तक 49 समितियों में किसानों से कुल 2170933.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई है, साथ ही 690751.38 क्विंटल धान मीलिंग हेतु राईस मिलरों द्वारा उठाव कर लिया गया है।

जिले के 49 धान उपार्जन केन्द्र जिसमें धान खरीदी केन्द्र कपिलदेवपुर में 39004.40 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। इसी प्रकार बादा में 24058.80, कुसमी में 44193.60, जवाहरनगर में 26093.20, कामेश्वरनगर में 89038, कोदवा में 13086, गोपालपुर में 34755.60, भेंडरी में 18974, चांदों में 70283.20, जमड़ी में 87678.40, जिगड़ी में 21476, जोकापाट में 13146.80, डूमरपान में 47234, डिण्डों में 56810.40, डीपाडीह में 30884, डोंगरो में 31560.80, गांजर में 20408.80, त्रिकुण्डा में 56170, बगरा में 35839.60, तातापानी में 38123.60, धंधापुर में 65081.20, डौरा में 40462, पस्ता में 23814, बड़कागांव में 60516.40, बरतीकला में 57672, बरदर में 37007.60, आरा में 22005.60, बरियों में 56866.40, बलंगी में 36779.60, बलरामपुर में 70264.80, बसंतपुर में 56158.80, भुलसीकला में 22326, भंवरमाल में 62976.40, रामानुजगंज 42224, महाराजगंज में 70808.40, महावीरगंज में 34522.80, विजयनगर में 58362, रघुनाथनगर में 43052.40, रनहत में 45598.80, राजपुर में 92648, दोलंगी में 33632.40, रामचन्द्रपुर में 36540.80, रामनगर में 57152, वाड्रफनगर में 37921.20, स्याही में 35235.60, विरेन्द्रनगर में 60061.60, सरना में 42220, सेवारी में 53421.60 एवं सामरी में 14781.60 क्विंटल धान किसानों से खरीदी की गयी है।

# कलेक्टर अजीत वसंत ने महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक ली

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अंबिकापुर - कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विनय अग्रवाल, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री जे आर प्रधान, सभी सीडीपीओ एवं सेक्टर सुपरवाइजर सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, महतारी वंदन योजना, अपार आईडी एवं आभा आईडी में प्रगति, पूरक पोषण आहार वितरण सहित अन्य विभागीय योजनाओं की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री वसंत ने विभागीय अधिकारियों को लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने तथा जनहितकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा करते हुए योजना के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश देते हुए उन्होंने विशेष फोकस रखने कहा। उन्होंने कहा कि सर्वे करें, कोई भी पात्र हितग्राही शेष न रहे। सेक्टर सुपरवाइजर आगामी 10 फरवरी तक लक्ष्य में प्रगति लाकर लिखित में जानकारी उपलब्ध कराएं, उन्होंने कहा कि हितग्राहियों का रजिस्ट्रेशन करवाएं और यदि कोई समस्या ना हो तो एप्रूवल की कार्यवाही करें। किसी भी स्थिति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को अम्बिकापुर के सकालो एवं भिट्टीकला में कम प्रगति पर जिला स्तरीय टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए। जिले में महतारी वंदन योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री वसंत ने 25 जनवरी तक 90 प्रतिशत तक लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिए। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को 10 फरवरी तक सर्वे करवाकर रिपोर्ट तैयार करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मृत, पलायन, गुमशुदा, आधार करेक्शन सहित अन्य मापदंडों की जानकारी निर्धारित फॉर्मेट में उपलब्ध कराएं। ताकि आगे की कार्यवाही कर पात्र हितग्राहियों की सूची अपडेट हो। उन्होंने कहा कि सभी सीडीपीओ अपनी जिम्मेदारी को समझें सतर्कता के साथ वेरिफिकेशन का कार्य करें। कलेक्टर श्री वसंत ने जिले में 03 से 06 वर्ष के बच्चों के अपार आईडी निर्माण की जानकारी ली तथा समस्याओं पर चर्चा कर आगामी एक माह में प्रगति सुनिश्चित करने निर्देशित किया। उन्होंने आभा आईडी निर्माण में प्रगति की समीक्षा के दौरान शहरी परियोजना को अच्छा कार्य कर सुधार लाने निर्देशित किया। इस दौरान पोषण आहार वितरण की भी जानकारी ली गई। बैठक कलेक्टर ने कहा कि सभी सेक्टर सुपरवाइजर यह सुनिश्चित करें कि आंगनबाड़ी केन्द्र समय पर खुले, निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाए जाने पर सम्बन्धितों पर कार्यवाही की जाएगी। अपने दायित्वों का गम्भीरता से निर्वहन करें, उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की नियुक्ति में पारदर्शिता रहे, शिकायत प्राप्त होने सम्बंधित पर कारर्वाई होगी।

# प्रयाग कुंभ और वामपंथी मिथक



मनोज कुमार सिंह

कुंभ मेला भारतीय जनमानस के श्रद्धा विश्वासऔर आस्था का प्रतीक है।जिसका वामपंथी लेखको नें मुगलिया करण करनें का प्रयास किया है। जबकि यह सच्चाई नहीं है। असल बात तो यह है कि प्राचीन धार्मिक व धर्मेत्तर साहित्यों और पुराणों में भी प्रयागराज के कुंभ मेले का विवरण मिलता है।मेगस्थनीज (302ई०पू०) की कृति, इंण्डिका और चीनी यात्री व्हेनसांग (7वीं सदी)के यात्रा विवरण सी-यू-की में प्रयाग कुंभ का उल्लेख है। इस कुंभ मेले में व्हेनसांग सम्राट हर्षवर्धन के साथ स्नान किया था। तथा हर्षवर्धन ने महाकुंभ के महामोक्ष परिषद में अपना सर्वस्व दान कर दिया था।

कुंभ मेला की ऐतिहासिकता, प्राचीनता व धार्मिकता की त्रिवेणी है।बाल्मिकी रामायण और रामचरित्र मानस में तथा गीताप्रेस द्वारा प्रकाशित महाकुंभ पर्व में भी उल्लेख है कि ऋग्वेद में भी कुंभ का वर्णन है। कुंभ मेला ज्योतिष और खगोल चक्र पर भी आधारित है,जिसे रामचरितमानस में तुलसीदास ने लिखा है।

माघ मकर गति रवि,जब होई,<br>तीरथ पति आव सब कोई।<br>देव दनुज किन्नर नर श्रेनी,<br>सादर मज्जहिं सकल त्रिवेणी।

स्कंद पुराण में वर्णित है कि,जब वृहस्पति सिंह राशि में प्रवेश करते है,तब हरिद्वार में कुंभ आयोजित होता है। जबकि वृहस्पति के मेष और सूर्य और चंद्र के मकर राशि मे प्रवेश करते है तब प्रयाग राज में कुंभ का आयोजना होता है,जबकि वृहस्पति के सिंह और सूर्य के कर्क राशि में प्रवेश करने पर नासिक में कुंभ लगता है।

पद्मपुराण मे वर्णित है कि जिस तरह ग्रहों में सूर्य और नक्षत्रों में चंद्रमा शेष है,उसी तरह तीर्थो में प्रयागराज सर्वोत्तम है।पुराणों उल्लेखित है कि एक बार शेष नाग जी ने प्रयागतीर्थ की महत्ता बताते हुए कहा है कि जब सब तीर्थो को तुला एक पलडे और दूसरे पलड़े में प्रयाग राज को रखा गया तो प्रयागराज का पलड़ा भारी रहा।

# जोता रेलवे फाटक पर रेलवे ओवर ब्रिज की आवश्यकता

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर - छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग की अनुषंगी सेतु निगम यातायात को सुगम बनाने के लिए उच्च स्तरीय पुलों और फ्लाई ओवर का निर्माण कर रहा है। इसी कड़ी में तिल्दा शहर के जूता रेलवे फाटक पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण योजना के अनुसार प्रस्तावित है। तिल्दा शहर से होकर यह सड़क तिल्दा, जोता, टंडवा, किरना, कुथारेल, रेता, परसदा होते हुए धरसीवा में नेशनल हाईवे को जोड़ती है, जिस पर छोटी बड़ी अनेकों गाड़ियां रोजाना चलती है। यह सड़क औद्योगिक क्षेत्र से होकर गुजरती है, इसलिए भारी वाहन भी गुजरता है।लंबी दूरी की ट्रेन लगातार यहां से गुजरती रहती हैं, जिसकी वजह से फाटक को बार-बार बंद करना पड़ता है। रेलवे ओवर ब्रिज की आवश्यकता :- लिहाजा इस पर एक रेलवे ओवर ब्रिज बनाने की आवश्यकता वर्षों से महसूस की जा रही है।शहर के प्रबुद्ध जनों का मानना है कि इस ₹जोता रेलवे फाटक₹ पर भी एक रेलवे ओवर ब्रिज बनना निहायत आवश्यक है।

विरोध के स्वर :- वहीं इस पर अब विपक्ष राजनीति विद्वेष से विरोध के स्वर मुखरित करने लगा है, और विगत दोनों उसने रायपुर कलेक्टर को ज्ञापन भी दिया है। इस सड़क पर तिल्दा शहर के भीतर अनाधिकृत कब्जों की भरमार है, जिनमें से मात्र 17 कब्जे ही अधिकृत रूप से काबिज हैं। क्योंकि अनाधिकृत कबजेदारों को शासकीय मुआवजे से वंचित रहना पड़ेगा, इसलिए भी इसका विरोध किया जा रहा है।

उच्च न्यायालय का निर्णय :- पूर्व में माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में रेलवे ओवर ब्रिज को निरस्त करने लगाई गई 3 याचिकाएं खारिज कर दी गई हैं। अतः स्थानीय नागरिकों द्वारा रेलवे ओवर ब्रिज को निरस्त कर रेलवे अंडर ब्रिज बनाए जाने की मांग को स्वीकार किया जाना माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के विरुद्ध होगा।

# खरह पावर प्लांट हॉस्टल में असिस्टेंट इंजीनियर ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायगढ़ । रायगढ़ जिले के नहरपाली स्थित खरह पावर प्लांट के हॉस्टल में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां असिस्टेंट इंजीनियर पद पर कार्यरत एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना भूपदेवपुर थाना क्षेत्र की है, जिससे प्लांट परिसर और कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतिका की पहचान खुशबू चौबे (25) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से झारखंड के जमशेदपुर की रहने वाली थी। वह रायगढ़ स्थित खरह पावर प्लांट के एसएमएस विभाग में असिस्टेंट इंजीनियर के पद पर पदस्थ थी और कंपनी के हॉस्टल में रह रही थी। जानकारी के अनुसार, गुरुवार की देर शाम जब काफी देर तक खुशबू का कमरा नहीं खुला, तो हॉस्टल में रहने वाले सहकर्मियों को संदेह हुआ। उन्होंने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद किसी तरह दरवाजा खोला गया, जहां खुशबू फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही भूपदेवपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के मरच्यूरी कक्ष में भिजवाया।

# डूब रहे बच्चे को बचायाः रायगढ़ के दो बाल वीरों को मिलेगा राज्य वीरता पुरस्कार

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायगढ़ । रायगढ़ जिले के दो होनहार बालक राकेश मिंज और आर्यन खेस ने अदम्य साहस, सूझबूझ और मानवता का परिचय देते हुए एक मासूम की जान बचाकर पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। उनके इस साहसिक कार्य को सम्मान देते हुए शासन ने दोनों बच्चों को राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान करने की स्वीकृति दे दी है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर दोनों बच्चों का नाम राज्य वीरता पुरस्कार के लिए प्रस्तावित किया गया था, जिसे शासन स्तर पर मंजूरी मिल गई है। अब 26 जनवरी को आयोजित राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में दोनों वीर बालकों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर उन्हें 25-25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर ने दोनों बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी एल. आर. कच्छप ने बताया कि यह घटना 24 सितंबर 2025 की है, जब पांच वर्षीय बालक दादू मिंज पानी में डूबने लगा था। स्थिति को भांपते हुए राकेश मिंज और आर्यन खेस ने बिना समय गंवाए साहस दिखाया और बच्चे को पानी से बाहर निकाला। बालक के पेट में पानी भर जाने से उसकी हालत गंभीर थी, लेकिन दोनों बच्चों ने सूझबूझ से उसका पेट दबाकर पानी निकाला, जिससे उसकी जान बच सकी। इस साहसिक कार्य के बाद पूरे क्षेत्र में दोनों बच्चों की प्रशंसा हो रही है और उनका यह कार्य अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन गया है।


## मलिहाबाद में सड़क हादसा, अज्ञात व्यक्ति की ट्रामा सेंटर में मौत

संवाददाता

लखनऊ। बीती देर रात मलिहाबाद थाना क्षेत्र के नजर नगर गांव के पास लखनऊझहरदोई राजमार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना में एक अज्ञात व्यक्ति गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चोटें अत्यधिक गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान बृहस्पतिवार शाम उसकी मौत हो गई। मृतक का शव फिलहाल मॉर्चरी में सुरक्षित रखा गया है। इस संबंध में मलिहाबाद अतिरिक्त इंस्पेक्टर सुरेंद्र मिश्रा ने बताया कि मृतक के शरीर पर नीला-सफेद चेकदार स्वेटर, नीले रंग की जींस तथा नीले रंग के जूते पहने हुए थे। मृतक की उम्र करीब 45 वर्ष आंकी जा रही है। पुलिस द्वारा मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। पहचान के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी साझा की जा रही है, ताकि परिजन सामने आ सकें।

# गणतंत्र दिवस समारोह में आर्थिक स्वाधीनता पर जोर, यूपी सरकार ने जारी किए दिशा-निर्देश

संवाददाता



लखनऊ। प्रदेश सरकार ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह गरिमापूर्ण तरीके से मनाने के लिए जिलाधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मुख्य सचिव एसपी गोयल की ओर से गुरुवार को जारी किए गए दिशा-निर्देश में कहा गया है कि कार्यक्रमों में देश के गौरवशाली इतिहास व स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग व बलिदान को याद किया जाए। जनसाधारण को जनसभाओं व गोष्ठियों के माध्यम से यह समझाने का प्रयास किया जाए कि राजनीतिक स्वाधीनता के बाद आर्थिक स्वाधीनता व सामाजिक बराबरी के लिए अनेक कदम उठाने हैं। इस दिशा में सरकार के कार्यों को बताया जाए। निदेशों में कहा गया है कि सरकारी भवनों में सुबह 8:30 बजे व शिक्षण संस्थाओं में दिन में 10 बजे तिरंगा फहराया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रगान के साथ ही संविधान के संकल्पों को याद किया जाएगा। राष्ट्रीय एकता, अखंडता, धर्म-निरपेक्षता और सांप्रदायिक सौहार्द की भावना को मजबूत बनाने पर बल दिया जाए। समारोह की व्यवस्था के लिए डीएम एक परामर्शदाता समिति गठित करेंगे, जिसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के स्वजन, विभिन्न सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दल, सरकारी विभागों, शैक्षिक संस्थाओं, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए। सभी शिक्षण संस्थाओं में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें राष्ट्रगाान जन-गण-मन का सामूहिक गायन भी शामिल हो। विद्यार्थियों को संक्षेप में स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास बताया जाएगा और सशस्त्र सैन्य बलों के बलिदान को नमन करते हुए देशभक्तों के जीवन के प्रेरक-प्रसंगों की चर्चा की जाएगी। नाटक, विचार गोष्ठी तथा निबंध लेखन प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। झंडा फहराने के तत्काल बाद पुलिस परेड की जाएगी तथा पुलिस बैंड के माध्यम से भी कार्यक्रम होंगे। परेड की सलामी उपस्थित केंद्रीय व प्रदेश सरकार के मंत्रीगण लेंगे। मंत्रीगण के उपस्थित नहीं रहने पर सलामी मंडलायुक्त या जिलाधिकारी लेंगे। यदि विधान परिषद के सभापति या विधानसभा के अध्यक्ष जिले में उपलब्ध हैं तो उनसे झंडा फहराने के लिए अनुरोध किया जाने के निर्देश दिए गए हैं। परेड में जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा सैन्य बल के शहीदों की पत्नियों व अभिभावकों को ससम्मान आमंत्रित किया जाएगा। लिखा गया है कि समारोह में स्थानीय स्वाधीनता संग्राम सेनानियों, सशस्त्र बलों के पुरस्कृत वीरों, शहीदों के आश्रितों तथा अन्य राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित जनों को जन प्रतिनिधियों से सम्मानित कराया जाए। लोक सभा व राज्य सभा के साथ ही विधान परिषद व विधान सभा के सदस्यों को आदर सहित आमंत्रित किया जाए। निर्देश दिए गए हैं कि बढ़ते प्रदूषण व बढ़ती जनसंख्या से हमारी विकास यात्रा प्रभावित हो रही है। सुखी भविष्य के लिए स्वच्छ पर्यावरण तथा सीमित परिवार की आवश्यकता को रेखांकित किया जाए।

## वन निगम को 6.95 करोड़ का चूना लगाने वाले आरोपितों के थाईलैंड भागने की आशंका

ट्रैवल कंपनी के खाते में ट्रांसफर किए थे 15700000

संवाददाता

लखनऊ। बैंक आफ इंडिया की लखनऊ के सदर बाजार शाखा में वन निगम का फर्जी खाता खुलवा कर 6.95 करोड़ रुपये हड़पने वाले आरोपितों के थाईलैंड भागने की आशंका है। सीबीआ की अभी तक की जांच में यह बात सामने आई है कि मुख्य आरोपित दीपक संजीव सुवर्णा व अनीश उर्फ मनीष ने एक ट्रेवल कंपनी के खाते में 1.57 करोड़ रुपये स्थानांतरित किए थे। यह कंपनी थाईलैंड की बताई जा रही है और कई देशों में इसके कार्यालय हैं। एफडी की अवधि पूरी होने के बाद वन निगम ने दूसरे बैंक में एफडी कराने के लिए बिड आमंत्रित की थी। वहीं, पिछले वर्ष दिसंबर में दीपक संजीव सुवर्णा और अनीश उर्फ मनीष ने बैंक आफ इंडिया की सदर बाजार शाखा से संपर्क कर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर एफडी स्थानांतरित करा ली। साथ ही बैंक में सावधि जमा का एक अन्य खाता भी खुलवा कर आरोपितों ने पांच जनवरी को चेक नंबर 177258 के जरिए आरबीएल बैंक की नई दिल्ली स्थित कीर्ती नगर शाखा में आल ड्रीम डेस्टीनेशन के खाता नंबर 409220867947 में 1.57 करोड़ रुपये स्थानांतरित कराए थे। सीबीआइ ने कंपनी से संबंधित बैंक खाते और उसमें भेजी गई राशि की जानकारी मांगी है। उम्मीद है कि थाईलैंड फरार होने के लिए आरोपितों ने इसी कंपनी की मदद ली है। तीन माह पहले बैंक आफ महाराष्ट्र में एक व्यक्ति ने वन निगम का फर्जी खाता खोलने की कोशिश की थी। बैंक अधिकारियों ने वन निगम को वह प्राधिकार पत्र भेज दिया था जिसके आधार पर बैंक में खाता खुलवाने की कोशिश की गई थी। जांच में वह प्राधिकार पत्र फर्जी पाया गया था।

# अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने पर कंबल वितरण व सम्मान समारोह


संवाददाता

निगोहां। निगोहा थाना क्षेत्र के पुरहिया व नटौली गांव में बुधवार को अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा और सामाजिक समरसता से जुड़ा कार्यक्रम आयोजित किया इस दौरान जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए और समाजसेवा में योगदान देने वाले लोगों का सम्मान किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसीपी मोहनलालगंज विकास पांडे रहे कार्यक्रम का आयोजन पूर्व सैनिक नीरज दीक्षित एवं पंकज दीक्षित उर्फ अरविंद द्वारा किया इस अवसर पर आयोजकों ने मुख्य अतिथि एसीपी विकास पांडे को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा उन्हें श्रीराम लला की प्रतिरूप भेंट कर स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए एसीपी विकास पांडे ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के साथ संवाद और सहयोग स्थापित करना भी जनसहभागिता से ही प्रभावी और संवेदनशील पुलिसिंग संभव पुलिस आमजन की सुरक्षा और सेवा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। इस मौके पर निगोहा थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी, नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी, विकास दीक्षित, निगोहा प्रेस क्लब के संरक्षक मुकेश द्विवेदी, अध्यक्ष विमल सिंह, पूर्व प्रधान लल्लन शुक्ला, अखिलेश द्विवेदी जय शुक्ला, प्रशांत त्रिवेदी, विजय जायसवाल, योगेंद्र तिवारी, अरुण सिंह, हिमांशु रावत, शैलेंद्र शुक्ला, अरुण सिंह,सुनील त्रिवेदी, दिलीप कुमार मिश्रा, विनीत मिश्रा रामू जायसवाल श्यामू जायसवाल आरिफ मंसूरी रमाकांत मिश्रा, नितिन कनौजिया आदित्य दीक्षित एवं राघव सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों को भी सम्मानित किया आयोजक नीरज दीक्षित ने कहा कि ह्लश्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ सेवा और सामाजिक समरसता का पर्व जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लाना ही इस आयोजन का मूल उद्देश्य वहीं पंकज दीक्षित उर्फ अरविंद ने कहा कि ह्लसमाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना हमारी प्राथमिकता भविष्य में भी जरूरतमंदों के लिए ऐसे सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे।ह्लकार्यक्रम के दौरान सामाजिक एकता सेवा भाव और श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने का संदेश दिया गया।

## श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के पुण्य तिथि पर नटौली में भी हुआ भण्डारा

श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के पुण्य तिथि पर नटौली में भी पूर्व ग्राम प्रधान सज्जन सिंह द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन किया इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्या, मंडल अध्यक्ष मोहनलालगंज सुधांशु सिंह प्रधान प्रतिनिधि प्रदीप द्विवेदी भाजपा मंडल अध्यक्ष ललित सिंह शीलू सिंह आईपी सिंह सहित काफी संख्या में पहुंचे समाजसेविको को सम्मानित किया वहीं भंडारे में आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

# कैसरगंज तहसील में एसआईआर नोटिसों की हुई सुनवाई



प्रशासन पूरी सख़्ती और पारदर्शिता के साथ मुस्तैद

संवाददाता

कैसरगंज, बहराइच। तहसील कैसरगंज के सभागार में बृहस्पतिवार को एसआईआर (रकफ/नो मैपिंग) के अंतर्गत जारी नोटिसों के संबंध में व्यापक स्तर पर सुनवाई की गई। इस अहम कार्यवाही की कमान स्वयं उपजिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह ने संभाली। सुनवाई के दौरान बड़ी तादाद में नोटिस प्राप्त मतदाता मौजूद रहे और उन्होंने अपने-अपने दस्तावेज व पक्ष प्रशासन के समक्ष पेश किए। उपजिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह ने हर एक प्रकरण को संजीदगी और बारीकी से सुना तथा अधिकारियों को इंसाफ और कानून के दायरे में रहकर कार्यवाही करने के सख़्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया का मकसद असल और पात्र मतदाताओं के हकूक की हिफाजत करना है, ताकि किसी भी नागरिक के साथ नाइंसाफी न हो।

## दस्तावेजों की गहन जांच, निष्पक्ष निस्तारण पर जोर

सुनवाई के दौरान नायब तहसीलदार कैसरगंज सचिन श्रीवास्तव ने प्रस्तुत अभिलेखों की जांच, रजिस्टरों का मिलान और सत्यापन की कार्यवाही कराई। अधिकारियों ने बताया कि सभी मामलों का निस्तारण दस्तावेजों के आधार पर किया जाएगा और उसी के अनुसार अंतिम सूची तैयार की जाएगी।

## प्रशासन की अपील—समय पर पेश हों, परेशानी से बचें

उपजिलाधिकारी ने नोटिस प्राप्त मतदाताओं से अपील की कि वे तय तिथि और समय पर अपने वैध कागजात के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, ताकि भविष्य में किसी भी तरह की दिक़्क़त से बचा जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पूरी प्रक्रिया शफ़्फ़ाफ, निष्पक्ष और शासन के निदेशों के अनुरूप पूरी की जा रही है। सुनवाई के दौरान तहसील परिसर में शांति व्यवस्था कायम रही और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए निष्पक्ष कार्यवाही की उम्मीद जताई।

# एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने नानपारा के ब्लैक स्पाट का किया निरीक्षण

संवाददाता

बहराइच। शासन के निर्देश पर 31 जनवरी 2026 तक जनपद में संचालित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अन्तर्गत अधिकारियों की टीम द्वारा तहसील नानपारा में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वाहन चालकों को हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने, ओवरलोडिंग न करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, वैध दस्तावेज साथ के साथ वाहन का संचालन करने तथा रात्रि में लाइट एवं संकेतकों के सही प्रयोग जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गयी। यातायात विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों के साथ समन्वय कर एक ठोस रोड मैप तैयार करने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह, यातायात प्रभारी बहराइच विजेंद्र मिश्रा, अवर अभियंता विपुल श्रीवास्तव तथा प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा रमेश सिंह रावत व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ एनएच-927 स्थित सोरहिया, बाबागंज कुट्टी ,बाबागंज बाजार मार्ग व राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 730 स्थित स्थित शिवपुर मोड चौराहा, चीनी मिल, लक्ष्मणपुर मटेही, कुर्मिन पुरवा बाईपास अग्नूपूरवा बाइपास स्थित ब्लैक स्पॉट्स का निरीक्षण किया गया।राष्ट्रीय राजमार्ग के अवर अभियंता विपुल श्रीवास्तव ने बताया कि केवलपुर चौराहे पर दुर्घटनाओं को कम करने के लिए विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर को शिफ्ट करने के साथ-साथ साइनेज, रंबल स्ट्रिप, येलो स्ट्रिप बार, टीबीएम सहित अन्य सुरक्षा उपायों को लागू कर दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण का प्रयास किया जाएगा। उप जिलाधिकारी श्रीमती जौहरी ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अन्तर्गत तहसील क्षेत्र अन्तर्गत इसी प्रकार के जागरूकता एवं निरीक्षण अभियान जारी रहेंगे। अभियान को सफल बनाने हेतु यातायात पुलिस बल एवं परिवहन विभाग के कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से सहभागिता निभाई गई।

## सम्पादकीय

# प्रदूषण पर अब छोटे शहरों को भी सतर्क होना होगा

जिस कश्मीर को सदियों से धरती का स्वर्ग कहा जाता रहा है, वहां की हवा आज लोगों के लिए सांस लेना मुश्किल बना रही है। जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में वायु प्रदूषण का स्तर पिछले 7 वर्षों में सबसे खराब स्थिति में पहुंच चुका है। बुधवार को शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 308 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस स्तर की हवा में सांस लेना लगभग चार सिगरेट पीने के बराबर है। यह आंकड़ा केवल एक संख्या नहीं, बल्कि उस खतरे का संकेत है, जो अब पहाड़ों, झीलों और हरियाली से घिरे शहरों तक भी पहुंच चुका है। एयर मॉनिटरिंग डेटा यह बताता है कि जनवरी में श्रीनगर की वायु गुणवत्ता लगातार खराब रही। वर्ष 2019 के बाद 2026 को श्रीनगर का सबसे प्रदूषित वर्ष माना जा रहा है, जहां औसत एक्यूआई 159 रहा। इतनी तेजी से गिरती वायु गुणवत्ता यह दर्शाती है कि यदि अब भी सतर्क नहीं हुए तो छोटे और पहाड़ी शहर भी महानगरों जैसी प्रदूषण त्रासदी झेलने को मजबूर होंगे। अब तक वायु प्रदूषण को दिल्ली, मुंबई और कोलकाता जैसे महानगरों की समस्या माना जाता रहा है, लेकिन श्रीनगर में बढ़ता प्रदूषण इस धारणा को तोड़ता है। प्राकृतिक सुंदरता, कम औद्योगीकरण और अपेक्षाकृत कम जनसंख्या के बावजूद श्रीनगर का इस स्तर तक प्रदूषित होना गंभीर चेतावनी है। दिल्ली की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी का एक्यूआई 339 दर्ज किया गया, जो लगातार 'बहुत खराब' श्रेणी में बना हुआ है। दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा समेत देश के कई राज्य गंभीर प्रदूषण की चपेट में हैं। हालांकि, हरियाणा में दिल्ली की तुलना में वाहनों की संख्या कम होने के कारण वहां प्रदूषण का स्तर अपेक्षाकृत कम देखा जाता है। यह तुलना साफ तौर पर बताती है कि वाहनों की बढ़ती संख्या प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण बन चुकी है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने सर्वोच्च न्यायालय को यह स्पष्ट किया है कि दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण का सबसे बड़ा योगदान वाहनों से होने वाले उत्सर्जन का है। इसके बावजूद, अक्सर पराली जलाने को ही प्रदूषण का मुख्य कारण ठहराया जाता है। यह सच है कि पराली जलाना एक समस्या है, लेकिन यह मौसमी और सीमित समय तक प्रभाव डालती है, जबकि वाहनों से निकलने वाला धुआं पूरे वर्ष शहरों की हवा को जहरीला बनाता रहता है। प्रदूषण में सुधार के लिए सीएमक्यूएम ने 15 दीर्घकालिक उपायों की सिफारिश की है। इनमें वाहनों को इलेक्ट्रिक, सीएनजी या अन्य ग्रीन फ्यूल पर स्थानांतरित करना प्रमुख है। प्रदूषण केवल स्वास्थ्य संकट नहीं है, बल्कि यह देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है। हार्वर्ड विश्वविद्यालय की प्रोफेसर और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ ने विश्व आर्थिक मंच में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रदूषण का प्रभाव, भारत पर लगाए गए किसी भी टैरिफ के प्रभाव से कहीं अधिक गंभीर है। उनका यह बयान इस सच्चाई को उजागर करता है कि पर्यावरणीय गिरावट की आर्थिक लागत दीर्घकाल में विकास दर, श्रम उत्पादकता और स्वास्थ्य व्यय पर भारी बोझ डालती है। आज जरूरत है कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर ठोस और प्रभावी नीतियां लागू करें। छोटे शहरों में भी एयर मॉनिटरिंग नेटवर्क को मजबूत किया जाए, स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा दिया जाए और लोगों को जागरूक किया जाए कि प्रदूषण से लड़ाई सामूहिक प्रयास से ही जीती जा सकती है।



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

# मनोरंजन की आड़ में अश्लीलता स्वीकार्य नहीं

देश और दुनिया में छत्तीसगढ़ की पहचान उसकी समृद्ध लोककला, परंपरा और संस्कृति है। यह राज्य जनजातीय लोकनृत्य और संस्कृति के नाम पर मशहूर है लेकिन वहीं के आदिवासी अंचलों में कथित तौर पर बार बालाओं के अश्लील डांस ने इस विरासत को शर्मसार किया है। राज्य के आदिवासी बहुल गरियाबंद और सूरजपुर में बीते दिनों मनोरंजन के नाम पर हुए अश्लील डांस के विडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सियासत और सोशल मीडिया में काफी खलबली मच गई। विडंबना यह कि सूरजपुर में जहां यह आयोजन सरकारी रेस्ट हाऊस में हुआ वहीं गरियाबंद के उरमाल गांव में हुए अश्लील डांस के दौरान जिले के एसडीएम और पुलिस कर्मी अर्धनग्न बार बालाओं पर पैसे उड़ाते देखे गए। सोशल मीडिया पर वायरल विडियो को देखें तो गरियाबंद जिले में हुए अश्लील डांस ने नग्नता और फूहड़ता की सारी हदें लांघ दी। इधर इस खबर को लेकर जहां विपक्ष सत्तारूढ़ दल पर लगातार हमलावर रही वहीं सोशल मीडिया पर यूजर्स सत्तारूढ़ पार्टी पर तंज कसते नजर आए। राज्य सरकार ने मामले पर फौरी कार्रवाई करते हुए गरियाबंद जिले में अश्लील डांस करने वाले डांसर तथा कार्यक्रम आयोजकों को गिरफ्तार कर लिया है वहीं इस आयोजन की अनुमति देने और डांसरों पर नोट उड़ाने वाले एसडीएम व तीनों पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। दूसरी ओर सूरजपुर के रेस्ट हाउस में हुए अश्लील डांस पर वहां के डिप्टी रेंजर और फारेस्ट गार्ड को निलंबित कर दिया गया है।

बहरहाल छत्तीसगढ़ में मनोरंजन या सांस्कृतिक कार्यक्रम के आड़ में अश्लील डांस का यह कोई पहला वाकया नहीं है बल्कि पहले भी ऐसे भौंडे आयोजन होते रहे हैं। पूर्ववर्ती सरकार के समय भी महेन्द्रगढ़ - चिरमिरी-भरतपुर जिले के खड़गंवा में दशहरा उत्सव में रावड़ दहन के बाद आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में लड़कियों के बोल्ड डांस के दौरान नेता और जनता डांसरों पर नोट उड़ाते देखे गए थे। तब विपक्षी दल भाजपा ने डांस के दौरान बैठे सत्तारूढ़ दल के विधायक और नेताओं से सवाल किया था यह कौन सी संस्कृति और गांधीवाद है? इसके जवाब में तब के थाना प्रभारी ने जवाब दिया था कि वहां अश्लील डांस नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ी नाच हो रहा था। अलबत्ता थानेदार के दावे की पोल इस कार्यक्रम की वायरल वीडियो खोल रही थी जिसमें डांसरों के कपड़े और भाव- भंगिमा अत्यंत आपत्तिजनक थे। बहरहाल छत्तीसगढ़ जैसे संस्कृति और लोककला संपन्न राज्य में ऐसी अपसंस्कृति और अश्लीलता को कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता बल्कि सरकार और प्रशासन को इस दिशा में सख्ती बरतने की जरूरत है। विचारणीय है कि देश में मनोरंजन और कॉमेडी के नाम पर सिनेमा और टेलीविजन से लेकर सार्वजनिक कार्यक्रमों में जिस तरह से अश्लीलता और फूहड़ता परोसी जा रही है उसने मनोरंजन और कला के मायने को ही बदल कर रख दिया है। भारत एक धार्मिक और संस्कृति धर्मी देश है लेकिन यहां के धार्मिक नगरों और मेलों में भी अश्लील कार्यक्रम आयोजित करने के मामले सामने आए हैं। इसी साल धर्मनगरी मथुरा के एक होटल में न्यू ईयर के मौके पर पोर्नस्टार सनी लियोन का कार्यक्रम आयोजित था जिसे धार्मिक संगठनों के विरोध के बाद रद्द कर दिया। बीते साल प्रयागराज के धार्मिक मेले में हिंदी और भोजपुरी गानों पर जमकर अश्लील डांस हुआ था जिस पर बवाल मचा था। अलीगढ़ के खेरेश्वर धाम मंदिर में देवछठ मेले में रशियन लड़कियों के फ़ूहड़ डांस पर भी विवाद हुआ था। अलबत्ता देश के विभिन्न राज्यों में धार्मिक मेलों के दौरान आस्था पर अश्लीलता का तड़का लगने की फेहरिस्त काफी लंबी है जो सीधे तौर पर प्रशासनिक उदासीनता का उदाहरण है।

मनुष्य हमेशा से कलाप्रेमी और संस्कृति धर्मी रहा है जिसके जीवन में त्योहार, नृत्य और उत्सव के रंग समाहित रहे हैं। विज्ञान के विकास के साथ ही कला और मनोरंजन के क्षेत्र में व्यापक बदलाव आया है तथा इसके साधन बदलते गए।अतीत पर गौर करें तो देश में मनोरंजन का क्षेत्र शहरी और ग्रामीण परिवेश में बंटा हुआ था लेकिन टेलीविजन और इंटरनेट के प्रसार ने बहुत हद तक इस खाई को पाट दिया है। एक दौर वह था जब शहरों में मनोरंजन के केंद्र सिनेमा, थिएटर, मीना बाजार, रेडियो होता था तो ग्रामीण परिवेश में नाचा- गम्मत, मेला- मड़ई, विभिन्न त्योहारों पर होने वाले लोकनृत्य और गीत लोगों के जीवन में रस घोलते थे। साहित्य और गीत की विधा में कवि सम्मेलन और आर्केस्ट्रा भी लोगों का मन बहलाते थे।

सत्तर के दशक में टेलीविजन की दस्तक के साथ ही मनोरंजन के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन आया। अलबत्ता भारत में दूरदर्शन के एकाधिकार तक टेलीविजन एक स्हू पारिवारिक मनोरंजन का सबसे उम्दा साधन था। दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले विभिन्न



पारिवारिक और धार्मिक धारावाहिक, कार्यक्रम और फिल्में लोगों के लिए स्वस्थ मनोरंजन का बेहतर माध्यम था। मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए मनोरंजन का सबसे उम्दा साधन टेलीविजन अब सचमुच में 'बुद्धू बक्सा' साबित हो रहा है। टीवी चैनलों पर हास्य, हॉरर, कॉमेडी और रियेलिटी शो के नाम पर ऐसे धारावाहिक परोसे जा रहे हैं जिसमें अश्लीलता, फूहड़ता, अंधविश्वास, विवाहेत्तर संबंध, लिव इन रिलेशनशिप, नशाखोरी, अपराध और हिंसा के कथानक भरे पड़े हैं। रियेलिटी शो में प्रतिभागियों के कपड़े और संवाद इतने आपत्तिजनक होते हैं कि इन कार्यक्रमों को परिवार के साथ देखना असहज होता है।

सिनेमा को समाज का आईना कहा जाता है जिसके प्रति भारतीयों को शुरूआत से ही आकर्षण रहा है। भारतीय सिनेमा के इतिहास पर गौर करें तो कला और संस्कृति के प्रकटीकरण का सबसे सशक्त माध्यम सिनेमा ही था लेकिन पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण ने इस उद्योग पर नकारात्मक प्रभाव डाला है। कुछ को छोड़ दें तो आज की फिल्में हमारे संस्कृति और कला पर लगातार हमला कर रही है। आज की अधिकांश फिल्मों में नग्नता, गाली-गलौज, हिंसा, नशाखोरी और अपसंस्कृति के दृश्य आम है जिसके कारण अब सिनेमा भी पारिवारिक मनोरंजन का साधन नहीं रहा।

इंटरनेट क्रांति ने मनोरंजन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जिसने मनोरंजन से जुड़ी सामग्रियों को प्राप्त करने और देखने के तरीके को बदल कर रख दिया है। डिजिटल मीडिया के इस दौर में 'ओवर द टॉप' (ओटीटी) और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स इन दिनों किशोरों और युवाओं से लेकर हर उम्र के लोगों के लिए पसंदीदा मनोरंजन माध्यम बन चुके हैं लेकिन इसकी दुश्वारियां भी सामने आ रही है।ओटीटी और सोशल मीडिया पर मनोरंजन के नाम पर कई ऐसे कई शो और वेब सिरीज़ प्रसारित हो रहे हैं जो नग्नता और भद्दी गालियों के चलते मर्यादा की लक्ष्मण रेखा लांघ रहे हैं।बीते साल ' उल्लू ऐप' के रियलिटी वेब शो ' हाउस अरेस्ट ' के अत्यंत अश्लील कंटेंट वायरल होने के बाद विभिन्न धार्मिक संगठनों ने काफी बवाल मचाया था जिसके चलते शो को बैन करना पड़ा। पिछले साल ही यूट्यूबर और सोशल मीडिया इन्फलुएंसर रणवीर अलाहबादिया को " इंडिया गॉट लेटेस्ट" शो में उनके द्वारा अपने माता-पिता के नितांत निजी क्षणों के बारे में अत्यंत भद्दी टिप्पणी किए जाने पर सोशल मीडिया से लेकर संसद और सड़कों पर काफी विरोध देखा गया था। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भी कड़ा रुख अख्तियार करते हुए शो पर प्रतिबंध लगा दिया था।

गौरतलब है कि ओटीटी और यूट्यूब पर प्रसारित होने वाले अनेक आपत्तिजनक शो और वेब सिरीज़ के चलते जहां किशोरों और युवाओं के मस्तिष्क पर बुरा असर पड़ रहा है वहीं हमारी सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों पर भी चोट पहुंचा रही है। एक सर्वेक्षण के मुताबिक देश में महिलाओं के साथ बढ़ते दुष्कर्म, हिंसा, अपराध और नशाखोरी के लिए बहुत हद तक जिम्मेदार इंटरनेट और सोशल मीडिया में मौजूद आपत्तिजनक और अश्लील कंटेंट हैं। बहरहाल भारत सदियों से अपनी पुरातन कला, सभ्यता और संस्कृति के कारण ही समूची दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। मनोरंजन के क्षेत्र से जुड़े लोगों को यह बात भी अपने जेहन में रखना होगा कि भारतीय समाज लज्जा और मर्यादा के तानेबाने में गूंथा है लिहाजा कला के नाम पर अश्लीलता फैलाना कतई उचित नहीं है। सरकार को जहां ऐसे कार्यक्रमों के खिलाफ सख्ती बरतनी होगी वहीं मनोरंजन माध्यमों को भी इस दिशा में स्व- नियमन और आत्मानुशासन की जरूरत है।

मुद्दा

राज कुमार सिंह



# ट्रंप को नोबेल सौंप संदेह व सवालों में घिरीं मचाडो

आखिरकार शांति का नोबेल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तक पहुंच ही गया। खुद को शांति दूत बताने वाले ट्रंप की दावेदारी के बावजूद नोबेल पुरस्कार समिति ने तो उन्हें इस लायक नहीं माना, पर वेनेजुएला की जिन विपक्षी नेता मारिया मचाडो को नोबेल दिया गया था, वही खुद वाशिंगटन जाकर उन्हें अपना पुरस्कार सौंप आयीं। अपने साल भर के शासन में युद्ध विराम का इतिहास रचने के एकतरफा दावे करते हुए ट्रंप खुद को शांति के नोबेल का सही पात्र बताते रहे, लेकिन पुरस्कार समिति को ऐसा नहीं लगा। सो, अमेरिकी राष्ट्रपति के दावे को नजरअंदाज कर समिति ने नोबेल दे दिया वेनेजुएला में लोकतांत्रिक और मानवाधिकारों के लिए संघर्षरत विपक्षी नेता मारिया मचाडो को। खुद को दुनिया का चौधरी समझने वाले ट्रंप नाराज हुए। नोबेल समिति को बुरा-भला भी कहा। फिर भी मचाडो ने वेनेजुएला में लोकतंत्र बहाली में सहयोग की आकांक्षा जताते हुए अपना नोबेल उन्हें समर्पित करने की बात कही थी। तब माना गया था कि यह एक नोबेल विजेता का बड़प्पन है कि उसने अपनी प्रतिक्रिया में पदक से वंचित को अपना पदक समर्पित किया पर मचाडो ने ट्रंप से मुलाकात में उन्हें बाकायदा अपना नोबेल सौंपकर अब दुनिया को चौंका दिया है। हालांकि नोबेल पुरस्कार समिति ने स्पष्ट कर दिया है कि इसे किसी को गिफ्ट या ट्रांसफर नहीं किया जा सकता। यह भी कि सिर्फ मूल विजेता ही हमेशा नोबेल पुरस्कार विजेता कहलाएगा। मचाडो द्वारा अपना नोबेल ट्रंप को देने के पीछे की किसी डील पर फिलहाल अटकलें ही लगाई जा सकती हैं। वैसे मचाडो से पहले वेनेजुएला पर हमला



कर ट्रंप दुनिया को चौंका चुके थे। नार्को टैररिज्म आदि के आरोपों के बीच लगातार धमकाते रहने के बाद एक दिन अचानक ट्रंप ने अपनी डेल्टा फोर्स भेज कर वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सपत्नीक उठवा लिया। मादुरो पर अमेरिका में जारी मुकदमे के बीच ही मचाडो वाशिंगटन पहुंच कर ट्रंप से मिलीं और अपना नोबेल उन्हें गिफ्ट कर दिया। उन्होंने ट्रंप पर पूरा भरोसा जताते हुए इसे वेनेजुएला के निवासियों के लिए ऐतिहासिक दिन भी करार दिया। ट्रंप ने भी मारिया से मुलाकात को सम्मानजनक बताते हुए टिप्पणी कीः 'उन्होंने मेरे अच्छे कामों के लिए मुझे अपना नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान किया। हमारे बीच का यह आपसी सम्मान कमाल का है।' इसमें दो राय नहीं कि इंजीनियरिंग का पेशा छोड़कर राजनीति में आयीं तलाकशुदा 58 वर्षीय मचाडो ने वाकई वेनेजुएला में तानाशाही शासन समाप्त कर लोकतंत्र बहाली के लिए लंबा शांतिपूर्ण संघर्ष किया है। उन्होंने बहुत कुछ सहा भी है। उसी संघर्ष के लिए उन्हें विश्व का सबसे प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार भी मिला, जो उन्होंने अब उसी व्यक्ति को सौंप दिया है, जिसे पूरी दुनिया वेनेजुएला पर सैन्य आक्रमण करने वाले विदेशी शासक के रूप में देखती है। ट्रंप खुद वेनेजुएला का तेल बेच कर मुनाफा कमाने की बात कह रहे हैं, लेकिन उन्हें अपना नोबेल सौंपते हुए मचाडो ने लिखाः 'ट्रंप ने वेनेजुएला की आजादी के लिए जो किया है, उसे वेनेजुएला के लोग कभी नहीं भूलेंगे।' मादुरो की गिरफ्तारी के बाद वेनेजुएला में भावी सत्ता व्यवस्था और चुनावों की अटकलों के बीच ट्रंप से मिलीं मचाडो कोई ठोस आश्वासन नहीं पा सकीं। वेनेजुएला के संविधान के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने उप राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को अंतरिम राष्ट्रपति नियुक्त किया है, पर ट्रंप खुद को वहां का कार्यवाहक राष्ट्रपति बता रहे हैं। शायद ट्रंप को रोड्रिग्ज के साथ काम करने में कोई समस्या भी न हो, क्योंकि उनकी नजर तो वेनेजुएला में तेल और दुर्लभ खनिज संपदा के दोहन पर है। ऐसे में वेनेजुएला समेत दुनिया भर में मचाडो की नई भूमिका पर संदेह और सवाल स्वाभाविक हैं। बेशक मचाडो लंबे समय से वेनेजुएला में लोकतांत्रिक एवं मानवाधिकारों की बहाली के लिए संघर्षरत हैं। 2024 में उन्हें राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ने दिया गया और उनके द्वारा समर्थित विपक्षी उम्मीदवार एडमंड गोंजालेज को जीत के बावजूद सत्ता नहीं सौंपी गई। यह भी कि मादुरो की छवि तानाशाह शासक की रही है, लेकिन देश पर हमला कर उसके संसाधनों की लूट करने वाले विदेशी शासक का गुणगान करते हुए उसे अपना नोबेल सौंप कर खुद मचाडो अपनी साख पर उठते संदेह और सवालों से नहीं बच पाएंगी। अपने देश में लोकतांत्रिक और मानवाधिकारों के लिए संघर्ष निश्चय ही देश-समाज के प्रति साहसिक प्रतिबद्धता का काम है, लेकिन उसके लिए विदेशी आक्रांता का सहयोग लेना और उसका गुणगान करना कम-से-कम देश प्रेम के दायरे में तो नहीं आता।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक है समर्पण




संकलित

दर्शन

समर्पण प्रत्येक प्राणी के लिए अत्यंत आवश्यक भाव है। यही वह भाव है जिसके माध्यम से हम अपने आत्मीय जनों के प्रिय बन सकते हैं। यह स्मरण रहे कि राग, द्वेष, घृणा तथा स्वार्थ का त्याग किए बिना समर्पण की कल्पना व्यर्थ है। हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू में समर्पण का भाव आवश्यक है। समर्पण हमारे लौकिक एवं

पारलौकिक दोनों जीवन की उन्नति के लिए आवश्यक है। संबंधों में मधुरता के लिए हमें परस्पर समर्पण भाव रखते हुए रिश्तों का निर्वहन करना होता है। स्वार्थ की दृष्टि से बनाए गए रिश्ते अल्पावधि के उपरांत समाप्त हो जाते हैं। इसी प्रकार लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भी समर्पण भाव का होना अत्यंत आवश्यक है। जब हम अपने संपूर्ण समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पित हो जाते हैं, तब कोई भी लक्ष्य हमसे दूर नहीं रहता। समर्पण के साथ-साथ विश्वास का होना भी आवश्यक है। जिस प्रकार एक बीज धरती में रोपित किया जाता है, तो वह संपूर्ण रूप से खुद को धरती मां की गोद में समर्पित कर देता है। तभी उसमें विकास के नए अंकुर फूट पड़ते हैं। भास्कर की किरणों उसे शक्ति प्रदान करती हैं। पवन की शीतलता उसे दुलारती है। मेघ उसका अभिसिंचन करते हैं। इस प्रकार उसे संपूर्ण प्रकृति का सहयोग एवं साहचर्य मिलने लगता है। उसके बाद वह धीरे-धीरे एक संपूर्ण वृक्ष का आकार ले लेता है। एक ऐसे वृक्ष का, जिसके आश्रय में तमाम प्राणी शीतलता प्राप्त करते हैं।

## बिन बुलाए किसी के घर न जाएं



संकलित

प्रेरणा

माता सती के पिता प्रजापति दक्ष शिव जी को पसंद नहीं करते थे, क्योंकि शिव जी ने ब्रह्मा जी का पांच में से एक सिर काट दिया था। अपने पिता ब्रह्मा जी के साथ हुई इस घटना की वजह से दक्ष शिव जी को अपमानित करने के अलग-अलग अवसर खोजते रहते थे। दक्ष की पुत्री सती ने भगवान शिव से विवाह कर लिया था और दक्ष इस विवाह

को रोक नहीं सके। विवाह के कुछ समय बाद दक्ष ने एक यज्ञ का आयोजन किया और इस यज्ञ में सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित किया, लेकिन शिव और सती को आमंत्रित नहीं किया। माता सती को नारद से मालूम हुआ कि उनके पिता दक्ष यज्ञ करवा रहे हैं। सती इस यज्ञ में जाने के लिए तैयार हो गईं। शिव जी ने देवी सती को समझाया कि बिना बुलाए हमें यज्ञ जैसे आयोजन में नहीं जाना चाहिए, लेकिन शिव जी के समझाने पर भी देवी नहीं मानीं और यज्ञ में चली गईं। जब सती यज्ञ स्थल पर पहुंची तो उन्होंने देखा कि यज्ञ में शिव जी के अतिरिक्त सभी देवी-देवता आए हुए हैं। सती ने पिता दक्ष से शिव जी को न बुलाने का कारण पूछा तो दक्ष ने शिव जी के लिए अपमानजनक बातें कहना शुरू कर दीं। शिव जी का अपमान सती सहन नहीं कर सकीं और उन्होंने हवन कुंड में कूदकर अपनी देह त्याग दी। जब ये बात शिव जी को मालूम हुई तो वे बहुत क्रोधित हो गए। शिव जी के क्रोध से वीरभद्र प्रकट हुए। इसके बाद शिव जी के कहने पर वीरभद्र ने यज्ञ स्थल को उजाड़ दिया और दक्ष का सिर काट दिया।

# भारतीय संविधान: न्याय का एक पवित्र सामाजिक अनुबंध



सैय्यद जाहिद अली रियासत

वर्ष 1947 केवल एक गणराज्य के उदय का वर्ष नहीं था; बल्कि यह उन लोगों के बीच संपन्न हुए एक नैतिक और राजनीतिक अनुबंध की पूर्णता का प्रतीक था, जिन्होंने औपनिवेशिक अन्याय को सहा और विभाजन के घाव झेलने के बावजूद धैर्य और दृढ़ता बनाए रखी। भारतीय मुसलमानों के लिए गणराज्य का जन्म आत्म-पुष्टि का क्षण था। यही वह ऐतिहासिक मोड़ था जहाँ उपमहाद्वीप में इस्लाम की हजार वर्ष पुरानी विरासत समानता के आधुनिक वादे से जुड़ी। यदि भारतीय संविधान को केवल एक संकीर्ण कानूनी दृष्टि से देखा जाए, तो उसकी आत्मा ओझल हो जाती है; वास्तव में वह न्याय का एक पवित्र अनुबंध है, जो बहुलतावादी समाज में सम्मानजनक, आस्थावान और प्रगतिशील जीवन के लिए मार्गदर्शन देता है। वह विमर्श जो अक्सर मुस्लिम आस्था को संविधान के सामने खड़ा करता है, वस्तुतः एक आधुनिक रचना है—एक ऐसा दृष्टिकोण जो न तो इस्लाम की गहरी नैतिक जड़ों को समझता है और न ही भारतीय राज्य की समावेशी और व्यापक बुद्धिमत्ता को स्वीकार करता है। समकालीन बहसों में इस्लाम को अक्सर कठोर दंड विधान या राजनीतिक मांगों के समूह तक सीमित कर दिया जाता है, जबकि इसके शास्त्रीय उद्देश्य सदैव मानव जीवन, संपत्ति, बुद्धि, अल्पसंख्यकों और उनके धर्मों की रक्षा पर आधारित रहे हैं। जब भारतीय संविधान को इन उद्देश्यों के आलोक में देखा जाता है, तो एक स्वाभाविक सामंजस्य उभरता है। सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के प्रति संविधान की प्रतिबद्धता इस्लामी अवधारणा-ए-अदल (पूर्ण न्याय) और एहसान (नैतिकता, सौजन्य और करुणा) की आधुनिक अभिव्यक्ति है। जो संविधान इबादत की स्वतंत्रता की रक्षा करता है, निर्बल को शक्तिशाली के अत्याचार से बचाता है और प्रत्येक नागरिक को कानून के समक्ष समान दर्जा देता है—वह आस्था का विरोधी नहीं, बल्कि उस नैतिक जीवन का सहायक है जिसकी अपेक्षा स्वयं आस्था करती है। यह भी स्मरणीय है कि संविधान सभा में उपस्थित मुस्लिम नेता इस दस्तावेज के वास्तुकार थे, जिसे वे सामाजिक और राजनीतिक जीवन में लागू होते देखना चाहते थे। मौलाना अबुल कलाम आजाद और सैयद मुहम्मद सादुल्लाह जैसे नेताओं ने मुस्लिम पहचान को एक धर्मनिरपेक्ष गणराज्य के विरोध में नहीं माना। मौलाना आजाद के अनुसार संविधान वस्तुतः ह्यमीसाक-ए-मदीनाह्ल की आधुनिक व्याख्या था—इतिहास का पहला लिखित संविधान—जिसमें पैगम्बर-ए-इस्लाम ? ने मुसलमानों, यहूदियों और अन्य समुदायों के लिए धार्मिक स्वतंत्रता और सामूहिक सुरक्षा की गारंटी देने वाला बहुलतावादी राज्य स्थापित किया था। इन नेताओं ने यह भली-भांति समझ लिया था कि विविधताओं से भरे राष्ट्र के लिए ह्यधर्मनिरपेक्षह्ल राज्य ही इस विविधता की वास्तविक सुरक्षा है। संकीर्ण साम्प्रदायिक पहचानों के बजाय साझा नागरिकता को अपनाना इस बात का संकेत था कि समुदायों की सुरक्षा अलगाव में नहीं, बल्कि सशक्त लोकतांत्रिक संस्थानों में निहित है। वह विचारधारा जो धार्मिक कानूनी व्यवस्थाओं को संविधान के विकल्प के रूप में प्रस्तुत करती है, वास्तव में उसी आस्था के साथ अन्याय करती है जिसका वह दावा करती है। इस्लामी विद्वानों ने स्पष्ट किया है कि जो मुसलमान किसी देश में अनुबंध या नागरिक प्रतिज्ञा के अंतर्गत रहते हैं, उन पर शरई रूप से उस देश के कानूनों का पालन करना अनिवार्य है—बशर्ते वे कानून उन्हें मूल आस्था से विमुख न करें। भारतीय संविधान विवेक की स्वतंत्रता की स्पष्ट गारंटी देता है। अनुच्छेद 25 से 30 तक अल्पसंख्यकों के सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकारों को जिस व्यापक स्तर पर संरक्षण दिया गया है, वह विश्व की संवैधानिक इतिहास में दुर्लभ है। यह बहुसंख्यक समाज की ओर से कोई कृपा नहीं, बल्कि राज्य की यह प्रतिज्ञा है कि भारत उन सभी का वतन है जो इसमें निवास करते हैं। संविधान को ह्यपरायाह्ल कहना उन मुस्लिम स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों की उपेक्षा करना है, जिन्होंने यह सुनिश्चित किया कि भारत कभी एक धार्मिक राज्य न बने। वास्तविक न्याय, जैसा कि संविधान की परिकल्पना है, केवल भेदभाव के उन्मूलन तक सीमित नहीं, बल्कि भाईचारे के संवर्धन की प्रक्रिया है। भाईचारे की यह अवधारणा, जैसा कि डॉ. बी. आर. आंबेडकर ने कहा, वस्तुतः लोकतंत्र का दूसरा नाम है। जब संविधान भेदभावपूर्ण व्यवहारों को समाप्त करता है या महिलाओं और वंचित वर्गों के अधिकारों को आगे बढ़ाता है, तो यह धर्म पर आघात नहीं, बल्कि विवेक और बुद्धि की अभिव्यक्ति है—एक ऐसा प्रयास जो गरिमा और समानता के मूल्यों को इक्कीसवीं सदी के व्यवहारिक जीवन में साकार करता है। वह न्याय जो बेटियों के अधिकारों या पिछड़े वर्गों की गरिमा की उपेक्षा करे, वास्तव में अपने मार्ग से भटक चुका होता है—और यहीं संविधान एक सुधारक दिशासूचक की भूमिका निभाता है। भारतीय धर्मनिरपेक्षता का मॉडल पश्चिमी देशों में प्रचलित राज्य-और-धर्म के पूर्ण पृथक्करण से भिन्न है। यह ह्यसिद्धांतगत दूरीह्ल के विचार पर आधारित है, जो राज्य को धार्मिक संस्थाओं और व्यक्तिगत कानूनों की सहायता करने की अनुमति देता है, साथ ही सामाजिक न्याय की आवश्यकता पड़ने पर उनमें सुधार का अधिकार भी सुरक्षित रखता है। यही सकारात्मक संबंध एक मुसलमान को अपनी पहचान और दैनिक धार्मिक आचरण को बनाए रखते हुए न्यायाधीश, वैज्ञानिक या सैनिक बनने का अवसर देता है। संविधान ऐसे संस्थागत साधन प्रदान करता है—जैसे न्यायालय, मताधिकार, असहमति की स्वतंत्रता और कानूनी उपचार—जिनके माध्यम से मतभेदों और विवादों का समाधान संभव है। नागरिक और राज्य या किसी सामूहिक शक्ति के संभावित दमन के बीच संविधान ही वह सुरक्षात्मक दीवार है। भारतीय मुसलमानों के लिए आगे का मार्ग किसी काल्पनिक अतीत में शरण लेने या वर्तमान को नकारने में नहीं, बल्कि संवैधानिक देशभक्ति को अपनाने में है। यह ऐसी देशभक्ति है जो केवल प्रतीकों पर नहीं, बल्कि प्रस्तावना में निहित मूल्यों के प्रति निष्ठा पर आधारित है। यह इस चेतना का नाम है कि संवैधानिक अधिकारों की रक्षा का संघर्ष स्वयं एक नैतिक कर्तव्य है। जब कोई मुसलमान कानून के शासन, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और सबसे कमजोर वर्गों के अधिकारों के लिए खड़ा होता है, तो वह अपने नागरिक दायित्व के साथ-साथ उस धार्मिक जिम्मेदारी को भी निभाता है जो न्याय की मांग करती है।

इस्लाम और संविधान के मूल्यों का विमर्श परस्पर विरोधी नहीं है, बशर्ते हम अतिवादियों या संविधान-विरोधियों को अपने स्वार्थ के लिए विभाजन पैदा करने का अवसर न दें। एक मुस्लिम नागरिक के लिए सर्वोच्च कानून वही है जो न्याय सुनिश्चित करे और उसकी धार्मिक पहचान के साथ अंतरधार्मिक संबंधों की रक्षा करे। यदि भारतीय संविधान हमें समानता पर आधारित समाज बनाने, अपनी संतानों को शिक्षा देने और अपने पड़ोसियों के साथ शांति से रहने के साधन देता है, तो वह केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि एक पवित्र सामाजिक अनुबंध है। भारतीय मुस्लिम समुदाय संविधान को अपनी आस्था के लिए चुनौती नहीं, बल्कि अपनी राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक ज़िंदगी का सबसे मजबूत संरक्षक मानता है। धार्मिक राज्य की स्थापना या परंपरागत धार्मिक आदेशों के अधीन शासन की धुंधली अवधारणाओं पर निर्भर रहना उन संवैधानिक गारंटियों और संरक्षणों की उपेक्षा करना है जो हमें प्राप्त हैं। ऐसा दृष्टिकोण अंततः उन दक्षिणपंथी शक्तियों के लिए रास्ता खोल सकता है जो धर्म का उपयोग अपने स्वार्थ के लिए करती हैं, और परिणामस्वरूप समाज बहुसंख्यक वर्चस्व के टकराव का शिकार हो सकता है।

लेखक वरिष्ठ पत्रकार है

# एआई में अहम भूमिका निभायेगा भारत

## भारत आर्थिक क्षेत्र के सभी साझेदारों के लिए खुला, वैश्विक कर्ज चिंताओं को लेकर सतर्क: वैष्णव

दावोस। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत ने आर्थिक परिदृश्य के सभी क्षेत्रों में साझेदारी के लिए अपनी स्पष्ट इच्छा जाहिर की है और वैश्विक कर्ज से जुड़ी चिंताओं के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। वैष्णव ने कहा कि यहां मौजूद सभी 10 राज्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए सहकारी एवं प्रतिस्पर्धी संघवाद के मंत्र के अनुरूप अपनी संभावनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया है। वैष्णव ने कहा कि एआई बदलाव की यात्रा लंबी है और इसमें भारत अहम भूमिका निभाएगा। यहां भारत का संदेश बिल्कुल स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री ने पिछले 11 वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था को किस तरह बदला और (क्षेत्रों के लिए) खोला है। इस बार का संदेश है कि भारत के साथ साझेदारी करें और भविष्य से जुड़ें। मंत्री ने कहा कि भारत ने दुनिया को यह भी बताया है कि वह नए विचारों के लिए भी खुला है।

उन्होंने कहा, चाहे सेमीकंडक्टर उद्योग हो, कृत्रिम मेधा (एआई) हो, विनिर्माण हो, हरित ऊर्जा हो या कोई अन्य क्षेत्र...हम हर जगह दुनिया के साथ साझेदारी करना चाहते हैं। यहां 10 राज्यों की भागीदारी पर उन्होंने कहा, सभी राज्य मेहनत कर रहे हैं और जब राज्य विकास करते हैं तो देश अपने आप विकसित होता है।



प्रधानमंत्री मोदी का राज्य स्तर का अनुभव अब पूरे देश को लाभ पहुंचा रहा है। अमीर देशों में बढ़ते कर्ज को लेकर भारत की चिंता को लेकर किए सवाल पर वैष्णव ने कहा कि अपनी व्यापक आर्थिक एवं वित्तीय स्थिति को देखते हुए भारत उन कुछ देशों में शामिल है जिनका कर्ज स्तर कम है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का कर्ज, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 57 प्रतिशत है जबकि सभी राज्यों को मिलाकर कुल स्तर पर यह अधिकतम 84-85 प्रतिशत तक जाता है। यह विकसित देशों के मुकाबले अब भी कम है जहां यह 120 प्रतिशत, 160 प्रतिशत और कुछ मामलों में 250-280 प्रतिशत तक है। वैष्णव ने कहा कि कर्ज के ये ऊंचे स्तर स्वाभाविक रूप से अस्थिर हैं। मंत्री ने कहा, जब कर्ज के ये पहाड़ ढहेंगे, तब यह समझना जरूरी होगा कि भारत जैसे देशों पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, अच्छी बात यह है कि भारत ने जानबूझकर अपने डॉलर कर्ज को कम रखा है और देश का कर्ज मुख्य रूप से रुपये में ही है। वैष्णव ने कहा," डॉलर या विदेशी मुद्रा में कर्ज कम रखकर भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती बढ़ती है। यह भारत को इस जोखिम से मुक्त करने का एक सचेत प्रयास है। इस बीच, क्रिकेट की उपमा देते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) का परिवर्तन पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला जैसा है और अभी तो पहले मैच का पहला दिन ही चल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत एआई की सभी पांच परतों में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और अंतिम अनुप्रयोग परत में नेतृत्व की स्थिति हासिल करेगा। एआई खाके की पांच परतों में ऊर्जा एवं बिजली उत्पादन, चिप व कंप्यूटिंग अवसंरचना, क्लाउड डेटा सेंटर, एआई मॉडल तथा अनुप्रयोग (एप्लिकेशन) शामिल हैं। वैष्णव ने कहा कि भारत मध्यम परत में कुछ वास्तव में बेहतरीन संप्रभु मॉडल विकसित करेगा और बहुत जल्द चिप क्षेत्र में भी नेतृत्वकारी भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र में पहले ही 70 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश देखने को मिल रहे हैं। अगले महीने होने वाले इंडिया एआई शिखर सम्मेलन तक इसके 150 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की संभावना है।

# स्मृति ईरानी की अगुवाई वाले गठबंधन ने दावोस बैठक में 20 लाख डॉलर जुटाये

दावोस। भारत में महिला उद्यमियों के लिए 10 करोड़ डॉलर का कोष बनाने की योजना पर काम कर रहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की बैठक में महज दो दिनों के भीतर 20 लाख डॉलर की प्रतिबद्धता जुटा ली है।

यह कोष देशभर की महिला-स्वामित्व वाली एक लाख लघु इकाइयों को सहयोग देने के लिए प्रस्तावित है। स्विट्जरलैंड के दावोस में जारी इस बैठक के दौरान ईरानी ने बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में उन्हें 2024 में दावोस में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने का अवसर मिला था। उसी साल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और गेट्स फाउंडेशन की साझेदारी में वैश्विक भलाई के लिए गठबंधन- स्त्री-पुरूष समता एवं समानता की शुरुआत



की गई थी, जिसमें डब्ल्यूईएफ भी नेटवर्क साझेदार है। इस गठबंधन की संस्थापक और चेयरपर्सन के तौर पर लगातार दूसरे साल डब्ल्यूईएफ बैठक में भाग ले रहीं ईरानी ने कहा कि दावोस में स्त्री-पुरूष समानता, समान अवसर और न्याय के मुद्दों को सामने लाने का मकसद यह था कि ये विषय केवल सामाजिक ही नहीं, बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी सार्थक हों। उन्होंने कहा, पिछले दो वर्षों में गठबंधन ने 21,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों से संवाद किया है और भारतीय विनिर्माण से जुड़े ऐसे मॉडल विकसित करने में मदद की हैं, जिन्हें खासकर महिलाओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए वैश्विक स्तर पर अपनाया जा सकता है। ईरानी ने बताया कि यह गठबंधन मातृ मृत्यु दर को कम करने जैसे क्षेत्रों में भी काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का जोर छोटे कारोबारों, विशेषकर महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने पर है। इसी के तहत स्पार्क नामक एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम शुरू किया गया है, जो देश के करीब 300 शहरों में लागू किया जा रहा है जिसका लक्ष्य महिला-स्वामित्व वाले एक लाख छोटे व्यवसायों को सहयोग देना है। ईरानी ने कहा कि इस पहल के लिए वाणिज्यिक पूंजी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है और 10 करोड़ डॉलर का कोष स्थापित करने की योजना है।

## संक्षेप

### डेरी उत्पादकों के लिए चारे पर सब्सिडी बढ़ाये केरल सरकार

वायनाड। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा ने केरल सरकार से डेरी उत्पादकों के लिए चारे पर सब्सिडी की अधिकतम सीमा बढ़ाने का आग्रह किया है। उन्होंने दावा किया कि मौजूदा दर पूरी तरह से अपर्याप्त है। कांग्रेस पार्टी ने बृहस्पतिवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि वायनाड निर्वाचन क्षेत्र की सांसद ने केरल की पशुपालन एवं दुग्ध विकास मंत्री जे चिंचू रानी को एक पत्र लिखकर यह मांग उठाई है।

# अमित शाह ने डोडा में सड़क हादसे में जवानों की मौत पर दुख जताया

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के डोडा में हुए सड़क हादसे को गहरा दुख व्यक्त किया, जिसमें सेना के 10 जवानों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए।

शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह इस हादसे से बेहद आहत हैं और इसमें मारे गए जवानों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। गृह मंत्री ने लिखा, जम्मू-कश्मीर के डोडा में हुए सड़क हादसे से मन अत्यंत व्यथित है। इस हादसे में हमने अपने जिन वीर जवानों को खोया है, उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा, घायल जवानों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। ईश्वर से कामना है कि ये सभी जवान जल्द से जल्द स्वस्थ हो जाएं। डोडा जिले में बृहस्पतिवार को सेना का एक वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरा, जिससे 10 जवानों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। यह हादसा भद्रवाह-चंबा अंतरराज्यीय मार्ग पर लगभग 9,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित खन्नी टॉप के पास उस समय हुआ, जब सेना के बुलेटप्रूफ वाहन कैस्पर में सवार जवान एक चौकी की ओर जा रहे थे।

# ट्रंप ने शांति बोर्ड का किया अनावरण

नयी दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा में स्थायी शांति स्थापित करने और संभवतः वैश्विक संघर्षों का समाधान करने की दिशा में काम करने के लिए प्रस्तावित शांति बोर्ड का बृहस्पतिवार को स्विट्जरलैंड के दावोस में औपचारिक रूप से अनावरण किया, लेकिन भारत इस मौके पर अनुपस्थित रहा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उन कई वैश्विक नेताओं में शामिल थे जिन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति ने गाजा पट्टी में इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौते के दूसरे चरण के तहत घोषित बोर्ड में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। भारत के





अलावा फ्रांस, ब्रिटेन, चीन, जर्मनी और कई अन्य प्रमुख देश भी न्योते के बावजूद शांति बोर्ड के अनावरण समारोह से नदारद रहे। ट्रंप ने स्विट्जरलैंड के दावोस स्थित पहाड़ी रिसॉर्ट में आयोजित वार्षिक विश्व आर्थिक मंच(डब्ल्यूईएफ) के इतर इस समारोह की मेजबानी की। ट्रंप ने अनावरण समारोह को संबोधित करते हुए इस बोर्ड को दुनिया के लिए एक बेहद अनोखी पहल बताया। उन्होंने बोर्ड के घोषणापत्र पर हस्ताक्षर के लिए आयोजित समारोह में कहा, यह बोर्ड संयुक्त राष्ट्र के साथ मिलकर न केवल पश्चिम एशिया में, बल्कि अन्य जगहों पर भी युद्धों को सुलझाने में मदद कर सकता है। हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि बोर्ड संयुक्त राष्ट्र के साथ किस प्रकार सहयोग करेगा। पूरे घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी को ट्रंप के निमंत्रण के बारे में पूछे जाने पर कहा कि भारत ने अब तक इस पर कोई फैसला नहीं लिया है। भारत इस पहल के विभिन्न पहलुओं पर विचार कर रहा है क्योंकि इसमें कई संवेदनशील मुद्दे शामिल हैं।

# जेलेंस्की से मुलाकात के बाद डोनाल्ड ट्रंप का पुतिन को संदेश, युद्ध को खत्म करना होगा

एजेंसी

दावोस। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ बैठक अच्छी रही और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को उनका संदेश है कि युद्ध समाप्त होना चाहिए।

स्विट्जरलैंड के रिजॉर्ट शहर दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के वार्षिक सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद स्वदेश लौटने से पहले ट्रंप ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल आज या कल पुतिन से मुलाकात करेगा।

उन्होंने कहा कि मेरी मुलाकात राष्ट्रपति जेलेंस्की से यहां हुई। बैठक अच्छी रही। हम (अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल) आज या कल राष्ट्रपति पुतिन से मिलेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति से जब सवाल किया गया कि पुतिन के लिए उनका क्या संदेश है तो उन्होंने कहा, युद्ध को समाप्त करना होगा। बहुत से लोग मारे गए हैं।

# ग्राम पंचायत सरपंच गांव के विकास कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाएं-कलेक्टर

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर - कलेक्टर अजीत वसंत ने शुक्रवार को जनपद पंचायत मैनपाट में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक ली। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय अग्रवाल, एसडीएम रामसिंह ठाकुर, जनपद सीईओ कुबेर सिंह सहित सम्बंधित अधिकारी, सरपंच, सचिव, रोजगार एवं तकनीकी सहायक उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने में ग्राम पंचायत सरपंच की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए विकास कार्यों में सक्रिय रूप से भागीदार बनें। उन्होंने जनपद क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं तकनीकी सहायकों को आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने निर्देशित किया। ऐसे पंचायत जहां किसी प्रकार की समस्या नहीं है वहां सभी आवास 31 मार्च तक गुणवत्तायुक्त पूर्ण कर लिए जाएं। बैठक में सीतापुर एसडीएम को ग्राम परपटिया में स्वीकृत अप्रारंभ आवासों के लिए शिविर के माध्यम से हितग्राहियों को प्रोत्साहित करने एवं समस्याओं का समाधान करने निर्देश दिए गए। बैठक में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास निर्माण के हितग्राहियों को जी राम जी योजना के तहत मिलने वाले 90 दिवस के रोजगार के राशि का शत-प्रतिशत भुगतान कराना सुनिश्चित करें एवं भुगतान में आने वाली समस्याओं का तत्परता से समाधान करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने कहा कि जो निर्माण कार्य पूरे नहीं हुए हैं, उन्हें समय-सीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में वसूली नहीं होनी चाहिए, शिकायत प्राप्त होने पर सम्बन्धितों पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने आरईएस विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्यों का औचित्य परीक्षण उपरांत ही प्राक्कलन तैयार कर भेजने निर्देशित किया। वहीं उन्होंने कहा कि सभी इंजीनियर निर्माण कार्यों का अच्छे से मूल्यांकन एवं सत्यापन करें, ध्यान रहे इसमें किसी भी प्रकार की शिकायत ना आए। कलेक्टर श्री वसंत ने कहा कि डीएमएफ एवं अन्य मद के ऐसे समस्त कार्य जो 1 जनवरी 2024 के पूर्व स्वीकृत हुए हैं, उन सभी अप्रारंभ कार्यों को निरस्त कर सीसी एवं अपूर्ण कार्यों का आरसीसी जारी करें।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी राजपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

ज्ञापन -

क्रमांक /@ /का.द.अ./ ज.म./2025

राजपुर, दिनाक 21/01/2026

प्रति.

हल्का पटवारी

प.ह.नं-

निवासी ग्राम, पहाडखडुवा

थाना व तहसील राजपुर

जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

विषयः- जन्म प्रमाण पत्र के संबंध में जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बावत।

विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक महेश्वर खलखो आ० स्व. गुना राम जाति उराव निवास ग्राम पहाडखडुवा थाना राजपुर तहसील राजपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) द्वारा संलग्न सूची के अनुसार विलम्बित अपने स्वमं महेश्वर खलखो आ० स्व. गुना राम का जन्म दिनॉक 06.05.1976 का जन्म प्रमाण पत्र हेतु शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र पेश किया है। अतः उपरोक्तानुसार आपको निर्देशित किया जाता है कि प्राप्त जानकारी के अभाव में पंजीयन नहीं हुआ है, के संबंध में दिनांक 30/01/2026 तक अनिवार्य रूप से इस न्यायालय में जांच कर जांच प्रतिवेदन, पंचनामा सहित प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
राजपुर
जिला बलरामपुर रामानुजगंज (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ०ग०)**

**रा०प्र०क्र० /ब-121/2025-26**

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय कुमार तिर्की आ० स्व० एम०डी० तिर्की, निवासी ग्राम अजिरमा, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा छ०ग० भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के अंतर्गत आवेदन श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा०) अम्बिकापुर के समक्ष प्रस्तुत कर बताया गया है कि अजिरमा स्थित पुराना खसरा नंबर 262/2 रकबा 0.962 हे० भूमि का नवीन खसरा नंबर 955, 956, 957, 949/3, 950/1 कुल रकबा 0.880 हे० दर्ज है। जबकि क्रयशुदा भूमि 0.980 हे० दर्ज होना चाहिए। न्यायालय नायब तहसीलदार पिलखा, विश्रामपुर, सूरजपुर के रा०प्र०क्र० 50/अ-6/2007-08 में पारित आदेश के तहत्माता रत्नमणी तिर्की के नाम पर प्रस्ताव के आधार पर त्रुटि सुधार कर रिकार्ड दुरूस्त किये जाने का आदेश पारित किया गया था, किन्तु रिकार्ड दुरूस्त नहीं हुआ है। आवेदक द्वारा त्रुटि सुधार किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। जो जांच व प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06/02/2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 09/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
अम्बिकापुर-02

**न्यायालय नायब तहसीलदार, दरिमा जिला-सरगुजा (छ०ग०)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क.//अ-6/25-26**

**ग्राम कंठी तहसील दरिमा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि, आवेदक आश कुमार साहू पिता बंजर प्रसाद साहू जाति तेली निवासी मणीपुर चौक अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ०ग० के द्वारा ग्राम कंठी प०ह०न० 03 रा०नि०म० सोहगा तहसील दरिमा में स्थित भूमि ख०न० 258/1, रकबा 1.109 हे० भूमि का बी-1. का बी-1 एवं दिनांक 04/09/2024 को की गयी पंजीकृत निर्मुक्ति पत्र / हक परित्याग पत्र, एवं आधार कार्ड की छाया प्रति संलग्न कर रकबा 1.109 हे0 में से पंजीकृत निर्मुक्ति पत्र / हक परित्याग के आधार पर वाद भूमि आवेदक का नाम यथावत रखते हुए अनावेदक धन्जीत गुप्ता पिता राम सिंगार जाति हलवाई निवासी गहिरा गुरू वार्ड अम्बिकापुर का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबध मे जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत किसी भी का दावा/आपत्ति प्राप्त होने पर इस पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 23/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा द्वारा जारी।

नायब तहसीलदार
दरिमा जिला-सरगुजा

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

**रा०प्र०क्र०-/अ-20(1)/2025-26**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अभिषेक दुबे पिता स्व० रविन्द्रनाथ दुबे, नवीन दुबे पिता स्व० रविन्द्रनाथ दुबे दोनो निवासी मोहल्ला ब्रम्हपारा श्रीराम मंदिर रोड बरगद पेड़ गली अम्बिकापुर के द्वारा शीट नम्बर-08 मोहल्ला ब्रम्हपारा नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 3210, 3211/1, 3211/2, 3212 रकबा क्रमशः 0.06, 0.01, 0.02, 0.03 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो जाने के कारण लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 09/09/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।

आज दिनांकः-13/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अंबिकापुर

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)**

**ईश्तहार**

**रा०प्र०क्र /अ-2/2025-26**

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आनंद कुमार शर्मा आ० ठाकुर दत्तशर्मा जाति ब्राहम्ण निवासी कृष्णापुर तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ०ग०) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आध्यि की भूमि स्थित ग्राम फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ०ग०) खसरा नंबर 260/2 रकबा 0.274 हे0 भूमि को कृषि भिन्न व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, सेटलमेन्ट, अनुमोदन ले-आउट की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 28/01/2026 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 16 /01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी
(रा) अम्बिकापुर

# खाद्य प्रतिष्ठानों में तेल की गुणवत्ता एवं स्वच्छता की सघन जांच, हानिकारक तेल व खाद्य पदार्थ किया गया नष्ट

अंबिकापुर कलेक्टर अजीत वसंत के आदेश एवं अपर कलेक्टर सुनील नायक के निदेर्शानुसार खाद्य प्रतिष्ठानों में उपयोग हो रहे खाद्य तेल की गुणवत्ता एवं स्वच्छता की जांच हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा शहर में सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। जांच के दौरान भारत माता चौक स्थित एक प्रतिष्ठित होटल में तेल रिफ्रेक्टोमीटर के माध्यम से खाद्य तेल के घनत्व की जांच की गई, जिसमें तेल का घनत्व 35 मानक पाया गया, जो मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। टीम द्वारा मौके पर ही लगभग 22 लीटर हानिकारक तेल को नष्ट कराया गया। साथ ही उसी तेल से बनाए गए लगभग 250 नग समोसे भी तत्काल नष्ट कराए गए। इसके अतिरिक्त होटल परिसर में काकरोच पाए जाने पर होटल संचालक को नोटिस जारी किया गया। इसके पश्चात खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम अभिहित अधिकारी के नेतृत्व में टीम द्वारा रिंग रोड स्थित होटल आरजू का निरीक्षण किया गया, जहां शाकाहारी एवं मांसाहारी खाद्य पदार्थों का पृथक भंडारण नहीं पाया गया।

# चैलेंज कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2026: कोल्ट्स क्लब देवनगर का कब्जा

देवननगर - चैलेंज कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2026 के तहत देवनगर में खेले गए फाइनल मुकाबले उत्साह रोमांच और अनुशासित वातावरण के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ खचाखच भरे मैदान में खेली गई महामुकाबले मे कोल्ट्स क्लब देवनगर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्राइट स्टार क्लब विश्रामपुर को 1झ0 से पराजित कर ट्राफी पर कब्जा किया। मैच की शुरूआत से ही कोल्ट्स क्लब देवनगर ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। पहले हाफ में ही टीम ने बढ़त बना ली, जिससे ब्राइट स्टारविश्रामपुर दबाव में नजर आई। मध्यांतर तक कोल्ट्स क्लब ने बढ़त कायम रखी। दूसरे हाफ में भी दोनों टीम ने लगातार हमले करते हुए गोल दागने का प्रयास करते रहे, खेल के दौरान कोल्ट्स क्लब देवनगर के खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल, तेज पासिंग और मजबूत डिफेंस का परिचय दिया, जिसके सामने ब्राइट स्टार की टीम टिक नहीं सकी। मैदान में लगभग 5000 दर्शकों की मौजूदगी रही, दर्शकों ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए पूरे मैच के दौरान तालियों से मैदान को गूंजायमान रखा।

संभाग स्तरीय इस फुटबाल प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया टूनार्मेंट के दौरान कई रोमांचकारी मुकाबला देखने को मिले जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की उभरती खेल प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का सशक्त मंच मिला समापन समारोह में विजेता टीम कोल्ट्स क्लब देवनगर को 31000 नगद राशि एवं चमचमाती ट्राफी तथा उपविजेता टीम ब्राइट स्टार क्लब विश्रामपुर को 21000 नगद राशि एवं चमचमाती ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।



फाइनल मैच के अवसर पर मुख्य अतिथि प्रेमनगर विधायक आदरणीय श्री भूलन सिंह मरावी जी, छत्तीसगढ़ युवा आयोग के अध्यक्ष मा०श्री विश्व विजय तोमर जी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मुरली मनोहर सोनी जी, अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री सत्यनारायण सिंह, मुकेश गर्ग, शशिनाथ तिवारी, दीपक गुप्ता, कपिल पाण्डेय, विजय राजवाड़े, कौशल सिंह, श्री सन्त सिंह, श्रीमती स्वाति सिंह, राजेश्वर तिवारी, संजू सोनी, अशोक यादव, सरपंच अक्षय सिंह, विकाश गुप्ता उपसरपंच, मुकेश गुप्ता, बाबूलाल प्रजापति, दौलत प्रताप सिंह, हरि यादव, यशवंत पांडव, भूपेश सिंह, रवि शंकर पाण्डेय, श्रीकांत पाण्डेय, करन सिंह, प्रेम यादव, निक्की बघेल, भोला राजवाड़े मयंक, संस्कार, मुकुल सहित रेफरी सुनील साहू, देवसाय, रोहित रावत, अनमोल तिग्गा, इकबाल, लव कुमार, समर बघेल, डॉक्टर डी के प्रधान सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

# पूरी निष्ठा से कार्य करें शिक्षक, उत्कृष्ट रहे जिले में शैक्षणिक परिणाम : बीईओ

## बिहारपुर क्षेत्र के विद्यालयों का शिक्षा विभाग ने किया सघन निरीक्षण

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**चांदनी बिहारपुर।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी ओड़गी के मार्गदर्शन में बिहारपुर क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था की वास्तविक स्थिति जानने एवं शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत बीईओ प्रदीप सिंह, एबीईओ अभिषेक सिंह तथा बीआरसीसी नरेंद्र दुबे द्वारा अलग-अलग टीमों का गठन कर विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारी पालकेंवरा, कैलाशनगर, खोहिर, लुल्ह, जेल्हा, भुण्डा, बसनारा, मोहर्सोप, मोखापारा, खैरा, ठाड़पाथर, बिहारपुर, अवंतिकापुर, कोलूहा एवं महुली सहित 35 विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। इनमें 17 प्राथमिक, 14 माध्यमिक ,1 पीएम श्री तथा 3 हाई व हायर सेकेंडरी विद्यालय शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यालयों में शिक्षक एवं छात्र उपस्थिति, अध्यापन कार्य, कक्षा संचालन, पाठ्यक्रम की प्रगति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, विद्यालय परिसर की साफ सफाई, शैक्षणिक अभिलेख, छात्रवृत्ति एवं अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। जहां आवश्यक सुधार की आवश्यकता पाई गई, वहां संबंधित शिक्षकों एवं प्रधानपाठकों को तत्काल सुधार हेतु दिशा-निर्देश दिए गए।




निरीक्षण के पश्चात बिहारपुर क्षेत्र के 16 संकुलों के संकुल शैक्षणिक समन्वयक की एक महत्वपूर्ण बैठक बिहारपुर में आयोजित की गई। बैठक में विभागीय दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने, विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को बेहतर बनाने एवं वार्षिक परीक्षा परिणामों में सुधार लाने पर विशेष चर्चा की गई।अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि सभी शिक्षक एवं संकुल प्रभारी पूरी निष्ठा और मेहनत से कार्य करें, ताकि विकासखंड का शैक्षणिक परिणाम जिले में उत्कृष्ट रहे। लक्ष्य तय करते हुए कहा गया कि आने वाले समय में बिहारपुर विकासखंड को शिक्षा के क्षेत्र में एक आदर्श ब्लॉक के रूप में स्थापित किया जाए।

शिक्षा विभाग द्वारा किए गए इस सघन निरीक्षण से विद्यालयों में अनुशासन, जवाबदेही एवं गुणवत्ता सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

# जगरन्नाथपुर ओपन कास्ट से कोयला चोरी मामले में 2 ट्राला व पेलोडर जप्त

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले की खड़गवां पुलिस ने जगरन्नाथपुर ओपन कास्ट खदान से कोयला चोरी मामले में 2 ट्रक ट्राला व पेलोडर को जप्त किया है। बताया गया है कि चौकी खड़गवां धारा 305(ख), 3(5) बीएनएस के प्रकरण जिसमें 15 जनवरी को जगरन्नाथपुर ओपन कास्ट से अवैध तरीके से 43 टन कोयला चोरी मामले में चठिरमा से कोयला लोड ट्रक ट्राला क्र सीजी 10 बीएल 9649 को बरामद कर मामले के तीन आरोपियो को गिरफ्तार किया गया था और अन्य लोगों की संलिप्तता के बारे में विवेचना की जा रही थी। प्रकरण की विवेचना के दौरान जगरन्नाथपुर ओपन कास्ट खदान प्रबंधन के द्वारा जानकारी दी गई कि 13 जनवरी के रात्रि करीब 1 बजे ट्रक ट्राला 18 चक्का वाहन क्रमांक सीजी 10 बीएस 2153 एवं वाहन क्रमांक सीजी 10 बीटी 5551 अवैध तरीके से बुम बैरियर क्रास कर कोयला चोरी करने की नियत से खदान के अंदर खड़ा था। 23 जनवरी को प्राप्त जानकारी के आधार पर उक्त दोनों ट्रक ट्राला एवं कोयला लोड़ करने में प्रयुक्त पेलोडर कीमत करीब 80 लाख



रूपये का जप्त किया गया है। ओपन कास्ट की सीसीटीव्ही फुटेज प्राप्त की गई जिसके आधार पर अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी खड़गवां रघुवंश सिंह, प्रधान आरक्षक रजनीश त्रिपाठी, नंदकिशोर राजवाड़े व आरक्षक मनोज राय सक्रिय रहे।

# गणतंत्र दिवस समारोह का फाइनल रिहर्सल आज

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिला मुख्यालय बलरामपुर में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह का फाइनल रिहर्सल पुलिस ग्राउण्ड में 24 जनवरी 2026 को प्रात: 8.30 बजे से किया जाएगा।

कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा ने गणतंत्र दिवस समारोह के तैयारी से संबंधित सर्व कार्यालय प्रमुखों को फाइनल रिहर्सल में उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

# धान उपार्जन केन्द्रों में महाघोटाले की जांच एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग

## ब्लॉक कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले के 8 धान उपार्जन केन्द्रों में अनियमितता व महाघोटाले की निष्पक्ष जांच कराने एवं दोषियों पर एफआईआर दर्ज कराकर कठोर कार्यवाही कराने की मांग ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जफर हैदर ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर की है। प्रशासन की संयुक्त टीम ने जांच के दौरान पाया कि जिले के सावारावा उपार्जन केन्द्र में 6470 बोरी लगभग 2588 क्विंटल, टुकूडांड उपार्जन केन्द्र में 16032 बोरी लगभग 6412.8 क्विंटल, शिवप्रसादनगर उपार्जन केन्द्र में 13880 बोरी लगभग 5552 क्विंटल, सूरजपुर उपार्जन केन्द्र में 16526 बोरी लगभग 6610.4 क्विंटल, उमेश्वरपुर उपार्जन केन्द्र में 17591 बोरी लगभग 7630 क्विंटल,सोनपुर उपार्जन केन्द्र में 10484 बोरी 4100 क्विंटल,चंदौरा उपार्जन केन्द्र में 2045 बोरी लगभग 818 क्विंटल,लटोरी उपार्जन केन्द्र में 10919 बोरी लगभग 4367.6 बोरी धान की कमी पायी गई है जफर हैदर ने



बताया कि यह घोटाला केवल लापरवाही का नहीं है बल्कि सुनियोजित घोटाले का चिंताजनक तथ्य है। इतना घोटाला होने के बाद भी समिति के प्रबंधक एवं जिम्मेदार व्यक्ति के विरुद्ध न तो एफआईआर दर्ज की गई है और न ही निलंबित किया गया है कार्यवाही केवल नोटिस तक सीमित रहना प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े करता है। आरोप है कि रामानुजनगर के छिंदिया उपार्जन केन्द्र में 3 हजार बोरी धान कम पाया गया है। जिसका उल्लेख जांच रजिस्टर में भी किया गया है इस मामले को लेकर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की गई है।

# नवभारत के निर्माण हेतु आगे आए हिन्दू समाज : योगीनाथ

## उमेश्वरपुर में हुआ हिन्दु सम्मेलन का आयोजन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** संघ शताब्दी वर्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पुर्ण होने पर हिन्दु समाज द्वारा वृहद रुप से हिन्दू समागम का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में प्रेमनगर क्षेत्र के मण्डल उमेश्वरपुर में हिन्दु सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता योगेश योगिनाथ विभाग प्रचारक, अरुण कुमार समरसता संयोजक, विजय साहु, चेतन राजवाड़े, श्रीमती अमीन बाई

राजलाल राजवाड़े द्वारा भारत माता के छाया चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सर्व प्रथम अरुण कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि प्राचीन भारतीय संस्कृति और संस्कार को संरक्षित रखते हुये प्रभु श्री राम जी के जीवन चरित्र से संघर्ष, समरसता, सत्य, और संगठन के सीख को आदर्श मानकर हिन्दू समाज को संगठित रहने का आह्वान किया। अमीन बाई ने हिन्दू समाज को एकता के पथ पर चलने एवं धर्म के साथ जुड़े रहने का आग्रह किया। क्षेत्रीय कलाकार तथा पारम्परिक शैला टीम जिसमें उमेश्वरपुर, तारकेश्वरपुर द्वारा मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। साथ ही भक्ति भजन गाकर सम्मेलन को और भी भव्य बना दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नागेश योगीनाथ द्वारा उपस्थितो को संबोधित करते हुए पंच परिवर्तन समरसता, नागरिक कर्तव्य बोध, स्वदेशी, पर्यावरण तथा कुटुम्ब प्रबोधन से नव भारत के निर्माण में जिम्मेदारी और जवाबदारी के साथ हिन्दू समाज को आगे आने के लिए अपिल किये। साथ ही धर्मान्तरण जैसी सोच को समाज से उखाड़ फेकने लिए एकजुटता के साथ लोगो को आगे आने के जरुरत है। सभी जाति पंथ एक हो देश निर्माण में इसके लिए आह्वान किये। कार्यक्रम का संचालन सुरेश गुप्ता व हरियर प्रसाद के द्वारा किया गया। भारत माता की आरती तथा महाप्रसाद बांटने के उपरांत कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में राम सिंह, विशाल सिंह, राजपाल साहू, सुभाष साहू, अमलेश्वर सिंह, दिलबोध दास, सूरज देव, मुकेश दुबे, बबलु साहु आदि का योगदान रहा।

# *नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर भाजपा में जश्न का माहौल, पूर्व जिलाध्यक्ष बाबूलाल ने दिल्ली पहुंचकर दी बधाई*

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को बधाई देने का सिलसिला जारी है। विगत दिनों दिल्ली में आयोजित %भाजपा संगठन पर्व% के दौरान छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रभारी, बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रहे नितिन नवीन को पार्टी के सर्वोच्च पद पर निर्विरोध निर्वाचित होने की खुशी में सूरजपुर जिले के निवर्तमान जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल विशेष रूप से राष्ट्रीय कार्यालय पहुंचे। उन्होंने उन्हें पुष्पगुच्छ के साथ बधाई व अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बाबूलाल अग्रवाल ने कहा, फ्राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे पार्टी के सर्वोच्च संगठनात्मक पद पर नितिन नवीन का चयन बूथ स्तर से लेकर प्रदेश तक कड़ी मेहनत करने वाले हर एक कार्यकर्ता का सम्मान है। यह साधारण कार्यकर्ता की असाधारण यात्रा का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़



में संगठन को मजबूती प्रदान करने में नितिन नवीन जी का योगदान अविस्मरणीय रहा है। उनकी कुशल नेतृत्व क्षमता, संगठनात्मक दूरदर्शिता और मेहनत से न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश में भाजपा का आधार और सशक्त होगा। उनके नेतृत्व में पार्टी नई ऊंचाइयों को छुएगी और आगामी चुनौतियों का मजबूती से सामना करेगी। बाबूलाल अग्रवाल ने यह भी कहा कि 45 वर्ष की उम्र में दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी की कमान संभालने वाले नितिन नवीन युवा ऊर्जा, अनुभव और समर्पण का बेहतरीन मिश्रण हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उनका नेतृत्व पार्टी को नया आयाम देगा। जिले के कार्यकर्ता उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं और संगठन को और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

यह नियुक्ति सूरजपुर जिला भाजपा इकाई के लिए गर्व का विषय बनी है, जहां स्थानीय स्तर के नेता भी राष्ट्रीय मंच पर पहुंचकर पार्टी के सम्माननीय नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को सम्मान दे रहे हैं। कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और सभी नितिन नवीन के नेतृत्व में पार्टी की नई उपलब्धियों की उम्मीद कर रहे हैं।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**सिगनलिंग कार्य हेतु निविदा सूचना**

**ई-निविदा संख्या:100-एसएनटी-परियोजना-निविदा-2026, दिनांक: 20.12.2025.** **कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत बिश्रामपुर, कमलपुरग्राम, अम्बिकापुर, मौहरी, हरद, पाराडोल, कोतमा, बिजुरी, करंजी, मनेंद्रगढ, चिरमिरी, घुटकु, कलमीटार, प्लाउ एवं कुसुमुंडा स्टेशनों पर पैनल इंटरलॉकिंग को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से बदलने, सभी इनडोर और आउटडोर गियर्स, ओ.एफ.सी. (OFC) हट, एस.एंड.टी. (S&T) सेवा भवनों का निर्माण तथा एस. एंड टी. सेवा भवनों के विद्युतीकरण सहित संलग्न ब्लॉक सेक्शनों में केबल बिछाने का कार्य। **निविदा मूल्य: ₹ 241,71,65,169.87** (₹ दो सौ इकतालीस करोड़, इकहत्तर लाख, पैंसठ हजार, एक सौ उनहत्तर और सत्तासी पैसे मात्र)। **बिड सिक्युरिटी (अमानत राशि): ₹ 1,20,85, 900.00** (₹ एक करोड़, बीस लाख, पचासी हजार, नौ सौ मात्र)।

**निविदा बंद होने की तिथि: 12.03.2026 को 12:00** बजे तक।

विस्तृत जानकारी/निविदा दस्तावेज का विक्रय, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण, ई-निविदा दस्तावेज जो हमारी वेबसाइट **http:// www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है, उससे देख सकते है।

*उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजी./*


सीपीआर/10/635 (परि.-II)बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

# जिले के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का प्रभारी सचिव ने किया निरीक्षण

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले के प्रभारी सचिव सी.आर. प्रसन्ना एवं कलेक्टर एस. जयवर्धन ने जिले के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धान खरीदी, भंडारण एवं उठाव की स्थिति की गहन समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रभारी सचिव प्रसन्ना ने केशवपुर धान समिति का निरीक्षण करते हुए धान के सुरक्षित भंडारण, धान उठाव, संग्रहण केन्द्रों की स्थिति, बीज निगम से समितियों में प्राप्त खाद-बीज की जानकारी ली। इसके साथ ही अब तक की गई धान खरीदी, बारिश से बचाव हेतु की गई तैयारियों, समितियों के लिए अस्थायी भवन आवंटन, स्थायी भवन स्वीकृति, गोदाम व्यवस्था, किसानों को भुगतान की स्थिति, रकबा समर्पण एवं अवैध धान पर की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी



समितियों में धान खरीदी कार्य पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित रूप से किया जाए तथा किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इसके पश्चात प्रभारी सचिव एवं कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र सोनगरा का दौरा किया। यहां टोकन सत्यापन, धान का भौतिक सत्यापन की जानकारी ली गई। उन्होंने किसानों से संवाद कर धान खरीदी के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान धान के नमूनों की जांच कर नमी की मात्रा मापी गई। इस दौरान जानकारी दी गई कि किसानों के यहां धान का भंडारण मौके पर कम पाया गया, उनका रकबा समर्पण कराया गया। इसके अतिरिक्त प्रभारी सचिव श्री प्रसन्ना ने शक्कर कारखाना केरता का भी निरीक्षण किया। उन्होंने गन्ना उत्पादन की जानकारी लेते हुए शक्कर उत्पादन यूनिट का अवलोकन किया और संचालन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत प्रभारी सचिव, कलेक्टर एवं एसडीएम प्रतापपुर द्वारा परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

# राष्ट्रीय विज्ञान एवं गणित दिवस पर हुई विविध प्रतियोगिताएं, उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मानित किए गए प्रतिभागी

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिला स्तरीय राष्ट्रीय गणित एवं विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में यहां के कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रंगोली, क्विज, चित्रकला एवं मॉडल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमे जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र छात्राओं ने भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमारी नागेश्वरी राजवाड़े कन्या उ.मा.वि. सूरजपुर, द्वितीय अर्पणा राजवाड़े विश्रामपुर तथा तृतीय आयशा सिद्धकी सेजस जयनगर, चित्रकला में प्रथम अजय राजवाड़े देवनगर, द्वितीय प्रशांत डनसेना रामानुजनगर व किरण सैनी नवापारा, तृतीय गोलू प्रजापति भटगांव, क्विज प्रतियोगिता में.प्रथम डेविड राजवाड़े एवं अखिलेश सिंह देवनगर,द्वितीय हिलावर सिंह करवां,.तृतीय मुनमुन सेन एवं आरती यादव विश्रामपुर, मॉडल



प्रतियोगिता में प्रथम आयुष तिवारी व द्वितीय अयान अंसारी सेजस नवापारा तृतीय अनुराग देवांगन भटगांव रहे। इसी प्रकार राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतियोगिताओं में रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम कुमारी रोशनी राजवाड़े देवनगर, द्वितीय लक्ष्मी राजवाड़े कृष्णपुर, तृतीय प्रयाग मंडल सेजस जयनगर चित्रकला में प्रथम गुनगुन सारथी विश्रामपुर, द्वितीय आस्था साहू सूरजपुर, तृतीय प्रीति देवांगन नवापारा एवं दीप्ति राजवाड़े भटगांव, क्विज प्रतियोगिता प्रथम माही कुशवाहा एवं भगवती राजवाड़े भटगांव, द्वितीय दीपा साहू एवं श्रेया गुप्ता सूरजपुर, तृतीय सृजन पांडे एवं नेही लाल रामानुजनगर, मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम नरेंद्र कुमार कृष्णपुर, द्वितीय सपना एवं संजना बोझा, तृतीय कुमारी गीता सिंह करवां रही। कार्यक्रम पूर्व जिला समन्वयक राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस अनु कांडे तथा वर्तमान जिला समन्वयक शंभू प्रसाद निषाद के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने में विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षक शिक्षिकाओं ने निर्णायक एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में ओम प्रकाश राजवाड़े, अरुण कुमार चौबे, संतोष कुमार उपाध्याय, दुष्यंत कुमार राजवाडे, अकबर कुरेशी, राजेश कुमार सिंह, गोपाल सिंह, कमल किशोर पांडे तथा सहयोगी के रूप में दीपक पटेल, राम बहादुर यादव, अभिषेक गुप्ता, प्रेमदास गुप्ता, आदित्य दुबे एवं दिनेश कुमार प्रजापति, दर्शनी बड़ा, मंजू पाणिग्रही शिल्पा ओझा एवं विद्यालय के शिक्षकों का सहयोग रहा।

# चैलेंज कप फुटबॉल के फाइनल मुकाबले में कोल्ट्स क्लब देवनगर का कब्जा

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** चैलेंज कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2026 के तहत देवनगर में खेला गया फाइनल मुकाबला उत्साह ,रोमांच और अनुशासित वातावरण में भव्य रूप से संपन्न हुआ। दर्शकों से खचाखच भरे मैदान में खेले गए फाइनल महामुकाबले मे कोल्ट्स क्लब देवनगर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्राइट स्टार क्लब विश्रामपुर को 1-0 से पराजित कर ट्राफी पर कब्जा किया। मैच के शुरुआत से ही कोल्ट्स क्लब देवनगर ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए पहले हाफ में ही टीम ने 1-0 बढ़त बना ली जिसके कारण ब्राइट स्टार विश्रामपुर दबाव में नजर आई तथा मध्यांतर तक कोल्ट्स क्लब ने बढ़त कायम रखी। दूसरे हाफ में भी दोनों टीम ने लगातार हमले करते हुए गोल दागने का प्रयास करते रहे और पूरे मैच के दौरान कोल्ट्स क्लब देवनगर के खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल, तेज पासिंग और मजबूत डिफेंस का परिचय दिया जिसके सामने ब्राइट स्टार की टीम टिक नहीं सकी। मैदान में बड़ी संख्या में दर्शकों की मौजूदगी रही और खिलाडियों के उत्साहवर्धन में तालियां गूंजती रही। संभाग स्तरीय इस फुटबाल प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया।



टूर्नामेंट के दौरान कई रोमांचकारी मुकाबला देखने को मिले जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की उभरती खेल प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का सशक्त मंच मिला। समापन समारोह में विजेता टीम कोल्ट्स क्लब देवनगर को 31हजार नगद राशि व ट्राफी तथा उपविजेता टीम ब्राइट स्टार क्लब विश्रामपुर को 21 हजार नगद राशि व ट्रॉफी प्रदान किया गया। फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, छत्तीसगढ़ युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय तोमर, भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, मुकेश गर्ग, शशिनाथ तिवारी, दीपक गुप्ता, कपिल पाण्डेय, विजय राजवाड़े, कौशल सिंह, सन्त सिंह, श्रीमती स्वाति सिंह , राजेश्वर तिवारी, संजू सोनी, अशोक यादव, सरपंच अक्षय सिंह, विकाश गुप्ता उपसरपंच, मुकेश गुप्ता, बाबूलाल प्रजापति, दौलत प्रताप सिंह, हरि यादव, यशवंत पांडव, भूपेश सिंह, रवि शंकर पाण्डेय, श्रीकांत पाण्डेय, करन सिंह, प्रेम यादव, निक्की बघेल,भोला राजवाड़े मयंक, संस्कार, मुकुल सहित रेफरी सुनील साहू, देवसाय, रोहित रावत, अनमोल तिग्गा, इक़बाल, लव कुमार, समर बघेल, डॉक्टर डी के प्रधान सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

संपर्क करें
समाचार, ईश्तहार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें।
दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
गौरव पथ, गुरुद्वारा के पास बाबूपारा अम्बिकापुर
मो. 7566950555
9713108088

सरगुजा फ्रंटलाइन

# बसंत पंचमी के मौके पर बच्चों के जीवन में सुख-समृद्धि के वास की कामना

## विद्या मंदिर में नन्हें बच्चों के साथ मां सरस्वती की भक्तिभाव से हुई आराधना

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** वसंत पंचमी के मौके पर मां सरस्वती की पूजा विधि-विधान से जिले के सभी शासकीय-अशासकीय स्कूलों, कॉलेजों में की गई, जिससे भक्तिमय माहौल बने रहा। स्कूल के गणवेश और रंग-बिरंग परिधान में स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थी पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी ने पूजन कार्यक्रम में शामिल होकर विद्या की देवी मां सरस्वती से विद्या, विवेक एवं उज्वल भविष्य की कामना की।

शहर के प्रतापपुर रोड में स्थित विद्या मंदिर में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित करके नन्हें बच्चों के साथ स्कूल की संचालिका वंदना दत्ता के उपस्थिति में विधिवत पूजा की गई, बच्चों को मिष्ठान्न वितरण किया गया। सरस्वती पूजा को लेकर बच्चों में कुछ अलग ही उत्साह देखने को मिला। भक्तिमय गीतों से पूरा स्कूल परिसर गूंज रहा था। इस दौरान वन्दना दत्ता ने कहा कि यह दिन ज्ञान, विद्या और बुद्धि की देवी मां सरस्वती को समर्पित होता है। खासतौर पर छात्रों, कलाकारों और छोटे बच्चों के लिए यह दिन बहुत शुभ माना जाता है। इस दिन किए गए छोटे-छोटे प्रयास भी बच्चों के जीवन पर गहरा प्रभाव डालते हैं। विद्या मंदिर परिवार की ओर से मां सरस्वती की आराधना के लिए एक सप्ताह पूर्व से ही तैयारी की जा रही थी, जिसमें नर्सरी से



लेकर आठवीं तक के बच्चों को शामिल किया गया और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान जानकी सिंह, अनुभा डबराल के अलावा विद्या मंदिर परिवार से साधना कश्यप, संगीता महापात्र, प्रभावती, जयंती खलखो सहित अन्य उपस्थित थे।

### सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय आध्यात्मिक वातावरण से ओत-प्रोत हुआ



सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय सुभाषनगर में बसंत पंचमी के अवसर पर विद्या, बुद्धि और कला की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना श्रद्धा एवं उत्साह के साथ की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। सभी ने मां सरस्वती के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर ज्ञान, विवेक और सद्बुद्धि की कामना की। इस अवसर पर सरस्वती वंदना, भजन-कीर्तन तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं, जिनसे परिसर आध्यात्मिक वातावरण से ओत-प्रोत हो गया। वक्ताओं ने बसंत पंचमी के सांस्कृतिक व शैक्षिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को ज्ञानार्जन, अनुशासन और सृजनशीलता के मार्ग पर अग्रसर होने का संदेश दिया। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रद्धा मिश्रा एवं विभागाध्यक्ष रानी रजक, सहायक प्राध्यापक प्रियलता जायसवाल, उर्मिला यादव, सुप्रिया सिंह, सविता यादव, सीमा बंजारे, पूजा रानी, ज्योत्स्ना राजभर, अर्चना सोनवानी, गोल्डन सिंह, अजीत सिंह परिहार, नितेश कुमार यादव, सुन्दर राम एवं बीएड के प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति रही।

### संत हरकेवल महाविद्यालय में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा, भंडारा का आयोजन



संत हरकेवल शिक्षा महाविद्यालय में ज्ञान, विद्या एवं कला की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की आराधना का पावन पर्व वसंत पंचमी अत्यंत श्रद्धा, भक्ति, उल्लास एवं पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर भक्तिमय एवं सांस्कृतिक वातावरण से सराबोर दिखाई दिया। पूजा स्थल को रंग-बिरंगे वस्त्रों, पुष्पमाला, तोरणद्वार एवं पारंपरिक सजावट से सुसज्जित किया गया था। वसंत पंचमी के मौके पर महाविद्यालय में प्रातः विधिवत पूजा-पाठ का आयोजन किया गया। मां सरस्वती की प्रतिमा को श्रद्धापूर्वक स्थापित कर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों, प्रशिक्षार्थियों ने मां सरस्वती की आराधना कर ज्ञान, विवेक एवं सद्बुद्धि की कामना की। पूजा उपरांत सरस्वती वंदना, कीर्तन एवं मधुर भजनों एवं सामूहिक गायन से पूरा वातावरण भक्तिरस में डूब गया। इसके पश्चात मां सरस्वती की आरती की गई, जिसमें सभी ने श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सहभागिता निभाई। महाविद्यालय के प्राचार्य ने वसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व ज्ञान, संस्कृति एवं संस्कारों का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन एवं नैतिक मूल्यों के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। आयोजन में सभी पीले वस्त्र धारण करके वसंत पंचमी की परंपरा का पालन किए। पूजा के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। अंत में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। सभी ने मां सरस्वती से विद्या, विवेक एवं उज्वल भविष्य की कामना की। समस्त कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. अंजन सिंह के मार्गदर्शन एवं सहायक प्राध्यापकों डॉ. पूजा दुबे, सुमन पांडेय, रानी पांडेय, चंदा सिंह, नीरू त्रिपाठी एवं श्वेता तिवारी के निर्देशन और निरीक्षण में हुआ, जिसमें बीएड प्रथम सेमेस्टर चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही।

# ओरसा घाट बस हादसे में घायलों से मिलने मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे मंत्री नेताम

## मरीजों का कुशलक्षेम जानकर घायलों को 5-5 हजार रुपये सहायता राशि प्रदान की

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** बीते दिनों छत्तीसगढ़-झारखंड सीमा पर महुआडांड़ के ओरसा घाट में हुए भीषण बस हादसे में घायल मरीजों से मिलने शुक्रवार को कृषि मंत्री रामविचार नेताम मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर पहुंचे। उन्होंने मरीजों एवं उनके स्वजन से मुलाकात करके उनका कुशलक्षेम जाना और भर्ती 14 पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए उन्हें 5-5 हजार रुपये सहायता राशि प्रदान की। इस दौरान उन्होंने अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों हेतु व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी.एस. मार्को, अस्पताल अधीक्षक डॉ. आर.सी. आर्या, सिविल सर्जन डॉ. जे.के. रेलवानी ने घायलों को दी जा रही चिकित्सा सुविधा और उनकी स्थिति से अवगत कराया। वर्तमान में यहां 14 घायलों का उपचार चल रहा है, सभी मरीजों की स्थिति बेहतर है। श्री नेताम आईसीयू में भर्ती गंभीर मरीजों को देखने के लिए पहुंचे, इनका उपचार चिकित्सकों की सतत निगरानी में चल रहा है। उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों से इलाज की स्थिति के बारे में पूछा तथा हरसंभव चिकित्सा सहायता और सर्वोत्तम उपचार सुनिश्चित करने अस्पताल अधीक्षक एवं सिविल सर्जन को निर्देश दिए। अस्पताल अधीक्षक



ने बताया कि भर्ती सभी मरीजों की स्थिति खतरे से बाहर है। पूर्व में भर्ती मरीजों में से 21 मरीजों को सफल उपचार पश्चात छुट्टी देकर उन्हें घर भेज दिया गया है, 3 मरीजों को रायपुर रेफर किया गया है।

मरीजों और उनके संबंधियों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि उनके विधानसभा क्षेत्र से नायक समाज के लोग पारिवारिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बस में भरकर जा रहे थे। झारखंड के गुमला, महुआडांड के पास हुए दुखद हादसे में अभी तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है, कई घायल हुए हैं। हादसे की खबर मिलने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से चर्चा की थी और झारखंड प्रशासन से संपर्क करके हरसंभव मदद का आग्रह किया था। झारखंड प्रशासन ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए न सिर्फ घायलों को घटनास्थल से घायलों को अस्पताल भिजवाया, घायलों को किस प्रकार के इलाज की जरूरत है, इसे ध्यान में रखते हुए समुचित उपचार की सुविधा विभिन्न अस्पतालों में उपलब्ध कराई। पार्टी के कार्यकर्ताओं, बलरामपुर जिला, पुलिस प्रशासन और अस्पताल पबंधन ने भी लाए गए घायलों को त्वरित उपचार सुविधा उपलब्ध कराया था। कई घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में शिफ्ट किया गया था। इनकी स्थिति से अवगत होने वे अस्पताल पहुंचे थे। यहां सीएमएचओ, सीएस के साथ पूरी टीम का सहयोग मिल रहा है। श्री नेताम ने कहा कि पारिवारिक कार्यक्रम में जा रहे लोग काफी गरीब परिवार से संबंध रखते हैं। सभी जल्दी स्वस्थ होकर अपने घर पहुंचे, ईश्वर से यही प्रार्थना है। इस दौरान भाजपा नेता व ट्रक मालिक संघ के रविन्द्र तिवारी, राजकुमार बंसल के अलावा अस्पताल के अन्य चिकित्सक व स्टाफ उपस्थित रहे।

## बेटी के ससुराल गया पिता पेड़ से गिरकर घायल हुआ, हुई मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** पकड़ी सब्जी तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा ग्रामीण डंगाल टूटने से जमीन पर गिर गया, क्षेत्रीय अस्पताल से रिफर करने पर स्वजन उसे अंबिकापुर लेकर आ रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रजपुरी निवासी भुलन पैकरा पिता स्व. परशुराम 45 वर्ष, 21 जनवरी को अपनी पोती के अन्नप्रासन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बेटी के ससुराल ग्राम पोड़ी लुण्ड्रा गया था, और रात में वहीं रूक गया था। 22 जनवरी को वह गांव में ही पकड़ी सब्जी तोड़ने के लिए पेड़ में चढ़ा। सब्जी तोड़ते समय एक सूखा डंगाल टूट गया और वह अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया, जिसमें उसे अंदरूनी चोटें आई थी। स्वजन उसे लेकर लुण्ड्रा स्वास्थ्य केन्द्र ले गए, यहां से प्राथमिक उपचार के बाद रिफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे, यहां आपातकालीन चिकित्सा परिसर में जांच के बाद चिकित्सक ने गुरूवार को अपरान्ह 3.15 बजे मृत घोषित कर दिया था। अस्पताल से मिली सूचना पर पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

## विश्वासी एक्का को मिला 'रोज केरकेट्टा साहित्य सम्मान'



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** प्यारा केरकेट्टा फाउंडेशन रांची द्वारा, झारखंड की ख्यातिप्राप्त लेखिका, पत्रकार, समाजसेवी और झारखंड आंदोलन की अगुवाई करने वाली आदिवासी महिला रोज केरकेट्टा के नाम से स्थापित 'रोज केरकेट्टा साहित्य सम्मान 2025' से विश्वासी एक्का को नवाजा है। वे वर्तमान में शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर में हिंदी के प्राध्यापक पद पर पदस्थ रहते हुए अपनी सेवाएं दे रही हैं। डॉ. रामदयाल मुंडा जनजातीय शोध संस्थान रांची में झारखंड के प्रख्यात कथाकार, पत्रकार वाल्टर भंगरा तरुण द्वारा 19 जनवरी को यह सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान के रूप में उन्हें शॉल, प्रशस्ति पत्र और 25000 रुपये भेंट किया गया। इसके पूर्व विश्वासी एक्का को सन् 2018 में छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य सम्मेलन की ओर से राजनारायण मिश्र की स्मृति में स्थापित पुनर्नवा पुरस्कार दिया गया था और 2020 में छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी की ओर से लेखन के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया था। विश्वासी एक्का की रचनाएं देश के विभिन्न विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में सम्मिलित हैं, उनकी रचनाओं में शोध कार्य भी किए जा रहे हैं।

## सोलर पैनल क्षतिग्रस्त करके पंप ले गए चोर

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गुमगा में खेत में लगे सोलर पैनल प्लेट को अज्ञात ने पत्थर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया और 5 एचपी के पम्प को चोरी करके ले गए। डालविन यादव पिता उमेश्वर यादव 26 वर्ष ने पुलिस को बताया है कि अपनी मौसी की जमीन पर वह एक वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री सौर सुजला योजना के तहत 5 एचपी का सोलर पैनल एवं समर्सिबल पम्प लगाया था। 21.11.2025 की सुबह लगभग 9 बजे फसल में पानी पटाने के लिए गया था, इस दौरान पता चला कि अज्ञात व्यक्ति ने सोलर पैनल को क्षतिग्रस्त कर दिया है और पैनल पर लगे 5 एचपी का पम्प नहीं है। आसपास में खोजबीन एवं पूछताछ के बाद भी चोरी गए पम्प का पता नहीं चला। रिपोर्ट पर पुलिस केस दर्ज करके अग्रिम जांच, कार्रवाई कर रही है।

# सब्जी विक्रेता से मारपीट, दुकान में तोड़फोड़ व नकद राशि लूट के मामले में 03 गिरफ्तार

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** थाना कोतवाली पुलिस टीम ने शहर के कंपनी बाजार में सब्जी व्यापारी से मारपीट व दुकान में तोड़फोड़ करके नकदी रकम ले जाने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सब्जी खरीदने की बात को लेकर विवाद होने पर आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया था। मामले में शामिल अन्य आरोपियों के तलाश में पुलिस लगी है।

गोधनपुर निवासी उपेन्द्र कुमार गुप्ता ने 20 जनवरी को थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 20 जनवरी को सुबह अपने भाई आकाश गुप्ता एवं दीपक गुप्ता के साथ वह अपने दुकान पर था। 19 जनवरी को एक महिला 02 क्विंटल सुरन सब्जी उसके दुकान में बेचने के लिए पहले से तय सौदा के अनुसार लेकर आई थी, जिसे पड़ोस के सब्जी दुकानदार मां शेरावाली सब्जी भण्डार का संचालक राजेंद्र गुप्ता जबरजस्ती अपने पास बुलाकर सब्जी को कम कीमत में खरीदा और अधिक दाम में दूसरे व्यक्ति को बेच दिया। इसी बात को लेकर पूछताछ करने पर राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता और उसका लड़का प्रियांशु दोनों झगड़ा-विवाद करने लगे। झगड़ा विवाद होते देख प्रार्थी का चाचा जवाहर प्रसाद गुप्ता बीच-बचाव करने एवं समझाइश देने आए तो इनसे भी आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्का और पास पड़े डंडा से मारपीट करने लगे। मामले की रिपोर्ट करने जब प्रार्थी थाना गया तो



पीछे से राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता का लड़का प्रियांशु गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, सुरज गुप्ता एवं अंकित सोनी उसके दुकान के अंदर घुसकर भाई आकाश से मारपीट किए और दुकान का शीशा व दुकान में लगे सीसीटीव्ही कैमरे व इलेक्ट्रानिक तराजू को तोड़फोड़ कर दिए और काउंटर में रखे सुबह के सब्जी बिक्री की रकम लगभग 30-40 हजार रुपये लूट कर ले गए। साथ में दुकान में लगे सीसीटीव्ही कैमरे के डीवीआर को भी निकाल कर अपने साथ ले गए थे। रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने धारा 296, 351 (3), 115(2), 331, (5), 324(4), 309(6), बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले के आरोपियों को तलाशा और आरोपी राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता पिता रघुपति साव 55 वर्ष, प्रिंस गुप्ता पिता राजेंद्र गुप्ता 21 वर्ष, प्रियांशु गुप्ता पिता राजेन्द्र गुप्ता 19 वर्ष सभी निवासी गोधनपुर को मामले में धारा 238 बीएनएस जोड़कर गिरफ्तार कर लिया। इन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है, मामले में शामिल अन्य आरोपी फरार हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शशिकान्त सिन्हा, सहायक उप निरीक्षक देवनारायण यादव, प्रधान आरक्षक सदरक लकड़ा, आरक्षक दीपक पाण्डेय, नितिन सिन्हा,सुरेश गुप्ता सक्रिय रहे।

# काम दिलाने का झांसा देकर युवती की खरीद-फरोख्त, मुख्य आरोपी गिरफ्तार



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** लखनपुर थाना पुलिस टीम ने काम दिलाने का झांसा देकर युवती की खरीद-फरोख्त करने के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पीड़िता को काम दिलाने के बहाने ले जाकर घटना को अंजाम दिया था। पुलिस टीम मामले में पूर्व में 03 आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजी थी। जानकारी के मुताबिक 02.12.25 को प्रार्थिया थाना लखनपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम सिंगीटाना का धनी कुजूर काम दिलाने का झांसा देकर अपने अन्य साथी अल्का टोप्पो, नितेश और अशोक के साथ उज्जैन ले जाकर अवैध तरीके से खरीद-फरोख्त किया है। रिपोर्ट पर थाना लखनपुर में धारा 143(2), 127(2), 3(5) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध करके पुलिस ने विवेचना में लिया था। पूर्व में पुलिस टीम ने आरोपी नितेश कुमार, अल्का टोप्पो तथा अशोक परमार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा था। प्रकरण का मुख्य आरोपी धनी कुजूर घटना दिनांक से लगातार फरार चल रहा था, जिसके तलाश में पुलिस लगी थी। मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा राजेश कुमार अग्रवाल ने पुलिस टीम को फरार आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में थाना लखनपुर पुलिस टीम ने फरार आरोपी धनी लाल कुजूर पिता जाहिर लाल कुजूर 43 वर्ष, निवासी सिंगीटाना थाना लखनपुर का गिरफ्तार करके न्यायालय के समक्ष पेश किया है। आरोपी के कब्जे से 2000 रुपये नगद एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसायकल जप्त किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी लखनपुर उप निरीक्षक सम्पत पोटाई, उप निरीक्षक के.के. यादव, सहायक उप निरीक्षक निर्मला कश्यप, आरक्षक जगेश्वर बघेल, राकेश एक्का, सोहन राजवाड़े सक्रिय रहे।

## पीएम स्वनिधि योजनांतर्गत ऋण वितरण एवं क्रेडिट कार्ड का शुभारंभ



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनान्तर्गत स्ट्रीट वेंडर्स को आत्म निर्भर बनाने के लिए नगर पालिक निगम में भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आत्म निर्भर निधि (पीएम स्वनिधि योजना) का लाभ पथ विक्रेताओं को दिया जा रहा है। इसके तहत 23 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तिरूवनंतपुरम, केरल से आयोजित राष्ट्रीय स्तर पर विशेष कार्यक्रम में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि अन्तर्गत ऋण वितरण किया, साथ ही रूपे क्रेडिट कार्ड योजना का शुभारम्भ भी इस अवसर पर किया। अंबिकापुर नगर पालिक निगम द्वारा सांकेतिक रूप से 4 हितग्राहियों कंचन गुप्ता को 15 हजार रुपये प्रथम किस्त, प्रकाश राव तिरोले को 25 हजार रुपये द्वितीय किस्त, नेहा सिंह को 25 हजार रुपये द्वितीय किस्त एवं मो. एहमद रजा को 50 हजार रुपये तृतीय किस्त के रूप में ऋण वितरण किया गया। इसके साथ ही वेंडर्स को योजनांतर्गत ऋण एवं रूपे कार्ड लेने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने की जानकारी पार्षदों को दी गई। कार्यक्रम निगम आयुक्त डी.एन. कश्यप के निर्देशानुसार महापौर मंजूषा भगत की अध्यक्षता एवं सभापति हरमिन्दर सिंह टिन्नी, एमआईसी सदस्यों, पार्षदों एवं हितग्राहियों की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान पार्षद शशि जायसवाल, प्रियंका गुप्ता, श्वेता गुप्ता, जितेन्द्र सोनी, जिला अग्रणीय बैंक प्रबंधक दिपेन्द्र यादव एवं राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की सिटी मिशन प्रबंधक जयन्ती सिंह, सौरभ राय, सामुदायिक संगठक ऋषि कुमार राजवाड़े एवं नीलम कश्यप, सीआरपी रेशमा एजाज, सेहरा बेगम उपस्थित रहे।

## सट्टा किंग के अवैध आय से अर्जित संपत्तियों को खंगाल रही पुलिस

### पुलिस रिमांड में कई लोगों की संलिप्तता सहित कई तथ्य सामने आए, जांच जारी

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** अवैध सट्टा पैनल का सरगना आयुष उर्फ दीप सिन्हा के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई निरन्तर जारी है। आरोपी से पूछताछ में कई नाम सामने आए हैं, जो सट्टा के कारोबार में महति भूमिका निभा रहे थे। पुलिस ने सट्टा किंग के व्यूह को तोड़कर कई तथ्य जुटाए हैं और अग्रिम जांच कार्रवाई कर रही है। आरोपी की कुछ जगहों पर संपत्ति होने की भी पुष्टि हुई है, जिसकी पुष्टि के लिए राजस्व विभाग से पत्राचार किया जा रहा है। आरोपी द्वारा अवैध आय से अर्जित अन्य संपत्तियों की जानकारी लेकर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि सट्टा खिलवाने का कुख्यात आरोपी आयुष सिन्हा उर्फ दीप सिन्हा पिछले लगभग एक साल से फरार चल रहा था। न्यायालय द्वारा आरोपी के उपस्थिति हेतु उद्घोषणा भी जारी की गई थी। इसके पश्चात भी आरोपी लगातार प्रकरण में फरार रहा। पुलिस टीम फरार आरोपी को लगातार तलाश रही थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा राजेश कुमार अग्रवाल के दिशा-निर्देशन में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए नगर पुलिस अधीक्षक अंबिकापुर राहुल बंसल के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया था। गठित टीम द्वारा फरार आरोपी के संबंध में लगातार जानकारी प्राप्त की जा रही थी। इस दौरान पता चला कि आयुष उर्फ दीप सिन्हा पिता स्व. त्रिभुवन प्रसाद सिन्हा 32 वर्ष निवासी नेहरू वार्ड शिव मंदिर के पास, पुणे महाराष्ट्र में छिपा है, इसे यहां से नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम ने



गिरफ्तार किया था। आरोपी को न्यायालय से ट्रांजिट रिमांड प्राप्त कर थाना कोतवाली अंबिकापुर लेकर आया गया, अवैध सट्टा संचालन के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी ने पैनल चलवा कर सट्टा खिलवाना स्वीकार किया। आरोपी अपने परिचय एवं अन्य कई लोगों के खाते खुलवाकर उनको सट्टे के उपयोग में लेना भी स्वीकारा है। पूछताछ में आरोपी ने अपने अन्य साथी सुधीर गुप्ता, राहुल अग्रवाल, सोम गुप्ता, अम्मी गिरी, सौरभ यादव, साहिल गुप्ता, अमन करारिया, श्रीकांत अग्रवाल, राहुल कुमार सोनी, अर्जुन गुप्ता, ऋतिक मंदिलवार, नितिन यादव, अमित कुमार मिश्रा, ध्रुविल पटेल, मुकेश त्रिपाठी, सौरभ गुप्ता, अंकित गुप्ता, प्रतीक कश्यप, सत्यम केशरी, सूरज खटिक की संलिप्तता भी स्वीकार की है। दो दिन के पुलिस रिमांड दौरान की गई सघन पूछताछ में सर्च वारंट प्राप्त कर आरोपी के घर व ठिकानों की तलाशी ली गई। आरोपी के स्वजन मौके पर नहीं मिले, ऐसे में घर का ताला तोड़ कर पुलिस ने नकद रकम 6 लाख 45 हजार रुपये, सोने चांदी के आभूषणों में कान का टप्स 02 नग, नाक का नथिया 01 नग, अंगूठी 01 नग, 19 जोड़ी बिछिया, 01 जोड़ी कड़ा, 02 जोड़ी पायल, जमीन संबंधी दस्तावेज, 07 एटीएम, 01 पासबुक बरामद किया है।




स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 ( छत्तीसगढ़ ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर